


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22


# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल
श्रीकंचनपथ ONLINE
वर्ष- 13, अंक - 108 | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, बुधवार 2 फरवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




**किराये से देना है**
15x20 डबल स्टोरी
दुकान किराये से देना है।
संपर्क :- 99933-16015
किराया - 8000 से 10000 मात्र
हाइवे पेट्रोल पंप के सामने
दुर्गा मंदिर के बाजू में
जनता मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

## खास-खबर



### पीएम मोदी बोले- कोरोना के बाद की दुनिया वैसी नहीं रहेगी जैसे इससे पहले थी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी बुधवार को बजट और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था पर विस्तार से बात करने के लिए देश भर के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि इस समय देश 100 साल में आई सबसे बड़ी वैश्विक महामारी से लड़ रहा है। कोरोना का ये कालखंड दुनिया के लिए अनेक चुनौतियां लेकर आया है। दुनिया उस चौराहे पर आकर खड़ी हो गई है, जहां टर्निंग प्वाइंट निश्चित है। आगे जो दुनिया जो हम देखने वाले हैं, वो वैसी नहीं होगी, जैसी कोरोना से पहले थी।

### कल निर्मला सीतरमण ने बहुत ही खूबसूरती से बजट पेश किया

पीएम मोदी ने कहा कि कल निर्मला सीतरमण ने बहुत ही खूबसूरती से, बहुत ही अच्छे ढंग से बजट के कुछ पहलुओं को हमारे सामने रखा है। बजट स्पीच में पूरा बजट संभव नहीं होता है क्योंकि बजट में बहुत बड़ा दस्तावेज होता है, बारीकियां होती हैं और सदन में ये सब बोलना संभव भी नहीं होता है।

### पीएम मोदी ने की थी बजट की प्रशंसा

प्रधानमंत्री ने बजट की तारीफकरते हुए मंगलवार को कहा कि यह अधिक बुनियादी ढांचे, अधिक निवेश, अधिक विकास और अधिक नौकरियों की नई संभावनाओं से भरा है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आम लोगों की प्रतिक्रिया ने सत्तारूढ़ भाजपा को उनकी सेवा करने का एक नया संकल्प दिया है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, नॉर्थ इस्ट क्षेत्रों के लिए पहली बार देश में पर्वतमाला योजना शुरू की जा रही है। ये योजना पहाड़ों पर ट्रांसपोर्टेशन की आधुनिक व्यवस्था का निर्माण करेगी। देश के करोड़ों लोगों की आस्था का ध्यान रखते हुए मां गंगा की सफाई के साथ-साथ किसानों के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## दो दिन में करीब 3000 लोगों को लील गया कोरोना, 21 जनवरी के बाद ऐसा क्या हुआ जिससे याद आने लगी दूसरी लहर की तस्वीरें?

# तांडव कर रहा कोरोना



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कोरोना संक्रमण एक बार फिर से विकराल रूप धारण कर रहा है। भले ही नए संक्रमितों की संख्या कम हो रही हो, लेकिन बीते एक सप्ताह से एक भी दिन मरने वालों की संख्या में कमी नहीं आई है। आंकड़ों को देखें तो दो दिनों(01 व 02 फरवरी) को कोरोना करीब तीन हजार लोगों की जिंदगी को लील गया। इन दो दिनों में 2925 मौतें दर्ज की गईं। एक फरवरी को जहां 1192 लोगों की मौत हुई थी, तो आज (बुधवार) को 1733 लोगों की सांसे रुक गईं। जबकि 1.61 लाख लोग संक्रमित हो गए। वहीं सक्रिय मामले अब भी 16,21,603 के पार है।

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों को देखें तो 10 दिनों में सिर्फ एक या दो दिन ऐसे रहे जब दैनिक मृत्यु दर में कमी आई। 21 जनवरी को 488 लोगों की कोरोना से मौत हुई थी। जबकि, 22 जनवरी को 525 लोगों की सांसे रुक गईं। इसके बाद से मौतों की संख्या में मामूली गिरावट के बाद उछाल देखा गया। 25 जनवरी के बाद से तो इसमें बिल्कुल भी गिरावट दर्ज नहीं की गई।

### एक दिन में 541 ज्यादा मौतें

कोरोना की दूसरी लहर में हर दिन मौतों का आंकड़ा रिकॉर्ड तोड़ रहा था। ऐसी ही तस्वीर अब दिखाई पड़ रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, मंगलवार के मुकाबले सोमवार को 541 ज्यादा मौतें हुईं और एक दिन का आंकड़ा 1733 पहुंच गया। तीसरी लहर में यह अब तक की सबसे ज्यादा होने वाली मौतें हैं।

### आखिर क्यों बढ़ने लगी मौतों की संख्या

हाल ही में दिल्ली के एक अस्पताल में हुई स्टडी में सामने आया था कि तीसरी लहर में 60 प्रतिशत मौतें उन मरीजों की हो रही हैं, जिन्होंने वैक्सीन नहीं ली है या फिर एक ही डोज लगवाई है। वहीं दिल्ली सरकार के मुताबिक, तीसरी लहर में उन लोगों की मौत ज्यादा हो रही है, जो गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। 13 से 25 जनवरी के बीच दिल्ली में कोरोना से जितनी भी मौत हुई थी, उसमें 64 प्रतिशत को वैक्सीन नहीं लगी थी। 438 मौतों में 318 लोग ऐसे थे जो गंभीर बीमारी से ग्रसित थे।

## छत्तीसगढ़ में कोरोना के 3241 नए केस मिले, 16 की गई जान

छत्तीसगढ़ में कोरोना का संक्रमण अब धीरे-धीरे कम हो रहा है। मंगलवार को प्रदेश में 3,241 नए केस मिले हैं, जिसमें रायपुर में सबसे ज्यादा 493 संक्रमितों की पुष्टि हुई है। वहीं कोरोना से प्रदेश में 16 लोगों की जान भी चली गई। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर कम है, लेकिन कोरोना से मौत के आंकड़े अब भी डरा रहे हैं। प्रदेश में हर दिन 15 से ऊपर मरीजों की जान जा रही है। रायपुर, धमतरी, दुर्ग, कांकेर व राजनांदगांव में सबसे ज्यादा केस मिले हैं। प्रदेश में अभी 21,162 सक्रिय मरीज हैं। छत्तीसगढ़ में इस महामारी से अब तक 13,869 लोगों की जान जा चुकी है।स्वास्थ्य विभाग के राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को प्रदेश में 3,241 नए केस मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा रायपुर में 493 नए संक्रमित मिले हैं। इसके बाद धमतरी में 316, दुर्ग में 243, कांकेर में 214, राजनांदगांव में 199, बिलासपुर में 141, कोंडागांव में 141, मंगेली में 140, रायगढ़ में 121, बलरामपुर में 116, बीजापुर में 113, बस्तर में 112, बेमेतरा में 92, कोरबा व कबीरधाम में 87-87, बलौदाबाजार में 83, कोरिया में 80, बालोद 67, महासमुंद में 64, गरियाबंद में 56, सूरजपुर में 54, सरगुजा व पेंड्रा-मरवाही में 53-53, जांजगीर-चांपा में 49, दंतेवाड़ा में 44 नए केस मिले हैं। प्रदेश के 16 जिलों में 1 से 100 के बीच मरीज मिले हैं। प्रदेश में अब कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 21,162 हो गई है।

# केंद्रीय कर्मचारियों के रुके हुए डीए एरियर पर फैसला संभव, दो लाख तक का होगा फायदा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज होने वाली बैठक में केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा फायदा मिल सकता है। संभव है कि इस बैठक में कर्मचारियों के रुके हुए डीए एरियर पर फैसला लिया जाए। अगर ऐसा हुआ तो कर्मचारियों को सीधे दो लाख रुपये तक का फायदा हो सकता है। यह रकम एकमुश्त उनके खाते में आएगी। जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय कैबिनेट की बैठक 3:30 बजे शुरू होगी।

दअरसल, केंद्रीय कर्मचारियों के 18 महीनों से रुके हुए डीए को जारी करने का फैसला अभी तक नहीं किया गया है, लेकिन जानकारी के अनुसार आज होने वाली कैबिनेट बैठक में इस पर फैसला हो सकता है। सरकार एक ही किश्त में डीए एरियर देकर निपटाने की योजना बना रही है। अगर ऐसा होता है तो सरकारी कर्मचारियों के खाते में एकमुश्त 2 लाख रुपये आ सकते हैं। लेवल-1 के कर्मचारियों का डीए बकाया 11,880 रुपये से 37,000 रुपये के बीच होगा। वहीं, लेवल-13 के कर्मचारियों को 1,44,200 रुपये से 2,18,200 रुपये डीए एरियर के तौर पर मिलेगा।



### लंबे समय से कर्मचारी कर रहे मांग

केंद्र सरकार के कर्मचारियों का डीए साल में दो बार जनवरी से जुलाई के बीच अपडेट किया जाता है। महंगाई भत्ते की वर्तमान दर को मूल वेतन से गुणा करके डीए का निर्धारण होता है। बता दें कि सरकारी कर्मचारियों, सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को डीए दिया जाता है। यह कर्मचारियों को उनके रहने के खर्च में मदद करने के लिए दिया जाता है। कैबिनेट बैठक में केंद्र सरकार अगर इस पर फैसला ले लेती है तो केंद्रीय कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले हो जाएगी। कर्मचारी लंबे अरसे से डीए एरियर के अटके हुए पैसों की मांग कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री सुलझा सकते हैं मामला

18 महीने के एरियर का मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंच गया है। एरियर भुगतान को लेकर भारतीय पेंशनभोगी मंच ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी भी लिखी है। प्रधानमंत्री से बीएमएस ने भी अपील की है कि वो इस मामले में हस्तक्षेप करें और वित्त मंत्रालय को एक जनवरी 2020 से 30 जून 2021 के बीच रोके गए डीए, डीआर के एरियर को जल्द जारी करने का निर्देश दें।



### अनूठी विदाई: ड्राइवर रिटायर हुआ तो एडीएम ने खुद कार चलाकर घर तक छोड़ा

**बाड़मेर ( एजेंसी )।** राजस्थान के सीमावर्ती बाड़मेर जिले में एक कर्मचारी के रिटायरमेंट पर उसे दी गयी विदाई चर्चा का विषय बन गयी है। अनूठी विदाई का यह मामला इसलिए चर्चा में है क्योंकि जिस कर्मचारी ने जिंदगी भर अधिकारियों की गाड़ी चलाई, उसके रिटायरमेंट वाले दिन राजस्थान प्रशासनिक सेवा स्तर का अफसर खुद कार चलाकर घर तक छोड़कर आया।

## शुरू हुई बच्चों की बगैर सुई वाली वैक्सीन की आपूर्ति, दी जाएगी तीन खुराक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दवा कंपनी जॉयडस फार्मा ने अपनी तीन खुराक वाली कोरोना रोधी वैक्सीन जायकोव-डी (ZyCoV-D) की आपूर्ति सरकार को शुरू कर दी है। जायकोव-डी बगैर सुई के दी जाएगी। इससे 12 साल से ज्यादा उम्र के बच्चों को यह आसानी से लगाई जा सकेगी। यह इंजेक्टर के जरिये दी जाएगी। दर्द नहीं के बराबर होगा। यह 12 से 18 साल के वायु वर्ग वालों के साथ बड़ों को भी लग सकेगी।

बुधवार को कंपनी द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि वह अपनी तीन डोज वाली वैक्सीन बाजार में मुहैया कराने की भी योजना बना रही है। जायकोव-डी वैक्सीन की सबसे खास बात यह है कि यह दुनिया की पहली डीएनए प्लाजमिड वैक्सीन होगी। देश में लग रही कोरोना की बाकी वैक्सीनों से अलग जायकोव-डी के तीन डोज देने की जरूरत होगी।

देश में अभी 15 से 18 साल तक किशोरों को भारत बायोटेक की कोवाक्सिन दी जा रही है। अब जायकोव-डी बच्चों के लिए दूसरी वैक्सीन हो जाएगी। अब 12 से 18 साल तक के किशोरों को भी टीके लग सकेंगे। दुनियाभर में आरएनए वैक्सीन की मौजूदगी सबसे ज्यादा है, वहीं जायडस कैडिला की यह वैक्सीन विश्व की पहली डीएनए आधारित वैक्सीन है।

### योजना: जल्द ही लेजर वॉल तैयार कर लेगा इजरायल, परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इजरायल लेजर बेस्ड मिसाइल इंटरसेप्शन सिस्टम को एक साल के भीतर तैयार कर लेगा। यह जानकारी इजरायली पीएम नफ्ताली बेनेट ने दी है। उन्होंने एक सम्मेलन में बताया कि लेजर वॉल, मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन सहित कई अन्य खतरों से इजरायल की रक्षा करेगा। इस लेजर सिस्टम को बना रहे रिसर्च एंड डेवलपमेंट टीम ने 2024 तक इस मिसाइल की तैनाती की योजना बनाई थी लेकिन सेना ने पहले तैनाती पर जोर दिया है। बेनेट ने बताया है कि इस सिस्टम का सबसे पहले ट्रायल किया जाएगा। सफल ट्रायल के बाद इसे ऑपरेशन में लाया जाएगा। सबसे पहले के इजरायल के दक्षिणी इलाके में और फिर अन्य जगहों पर इसे ऑपरेशन में लाया जाएगा। उन्होंने बताया है कि लेजर बेस्ड मिसाइल इंटरसेप्शन सिस्टम के बाद समीकरण बहुत बदल जाएंगे। हमारे विरोधियों को बेहद निवेश की जरूरत होगी वहीं हमारा काम कम में ही निपट जाएगा।

## शोपियां में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक दहशतगर्द ढेर

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** शोपियां जिले के नौपोरा नदीगाम में आतंकियों की सूचना के बाद तलाशी अभियान चलाया गया। कई लोगों से पूछताछ की भी गई। इस बीच जब एक इलाके में सुरक्षाबल पहुंचे तो वहां मौजूद आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। सूत्रों के मुताबिक एक आतंकी मारा गया है। दरअसल सुरक्षाबलों को इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिल रही थी। संयुक्त अभियान चलाया गया। इससे पहले 27 जनवरी बुधवार को शोपियां जिले के ही चक नौगाम इलाके में मुठभेड़ हुई थी। कई घंटे तक चली फायरिंग में तीन जवान घायल हो गए। अंधेरे का फायदा उठाते हुए पाकिस्तानी समेत दो आतंकी मौके से भाग निकले। आतंकियों की तलाश में पूरे इलाके में अभियान चल रहा था। नौगाम इलाके में एक इनपुट के आधार पर सुरक्षाबलों ने अभियान चलाया।



पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने सेना और सीआरपीएफ के साथ मिलकर घर-घर तलाशी शुरू की। तलाशी शुरू होते ही आतंकियों ने एडवांस पार्टी के जवानों पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी जिसमें सेना के तीन जवान घायल हो गए। जवानों द्वारा भी मुंहतोड़ जवाब दिया गया। इस बीच अंधेरे के चलते रात में अभियान स्थगित कर दिया गया।

### हिंसा छोड़ एक नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

## लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 500 माओवादियों का सरेंडर




श्रीकंचनपथ न्यूज

**बस्तर।** दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों के घर वापसी के लिए चलाए जा रहे लोन वर्राटू (घर वापस आइये) अभियान के तहत एक जनमिलिशिया सदस्य ने समर्पण किया है। माओवादियों की खोखली विचारधारा से त्रस्त भैरमगढ़ एरिया कमेटी के तोयनार पंचायत अंतर्गत ग्राम तड़केल मिलिशिया सदस्य कुम्मा उर्फ उरसा निवासी बीजापुर ने उप पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ विनय कुमार सिंह व दंतेवाड़ा एसपी के समक्ष सरेंडर कर दिया। लोन वर्राटू अभियान के तहत दंतेवाड़ा में अब तक 500 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं।

समर्पित नक्सली कई साल 2012 में नक्सली बंद के दौरान केतुलनार से पिनकोण्डा जाने वाले मुख्य मार्ग पर पुलिया को ब्लास्ट कर क्षतिग्रस्त करने की घटना में शामिल था। कुम्मा पर मिरतुर थाना में भी केस दर्ज है। इसके अलावा कई वारदातों में यह नक्सली शामिल रहा है। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 124 ईनामी नक्सली सहित कुल 500 माओवादी समर्पण कर मुख्य धारा में लौट चुके हैं। आत्म समर्पित नक्सली को शासन की पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा।

### दंतेवाड़ा-बस्तर की सीमा पर 4 नक्सली गिरफ्तार

नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 30 जनवरी को जिला पुलिस बल एवं डीआरजी की संयुक्त टीम ने बस्तर व दंतेवाड़ा जिले की सीमावर्ती इलाके में 4 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। सर्चिंग के दौरान जवानों ने बुधराम माड़वी निवासी ग्राम नडेनार डोंगरीपारा, जनमिलिशिया सदस्य भीमा उर्फ बिंदू मड़कामी निवासी ग्राम नडेनार डोंगरीपारा, बुध माड़वी ग्राम नडेनार डोंगरीपारा सीएनएम सदस्य और बुधराम माड़वी निवासी डोंगरीपारा सीएनएम सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली कई वारदातों में शामिल रहे हैं। चारों गिरफ्तार माओवादियों को 31 जनवरी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## क्रिकेट: दो करोड़ के बेस प्राइस में रैना और उथप्पा एक करोड़ से ऊपर में कई भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आईपीएल के 15वें सीजन के लिए 12 और 13 फरवरी को खिलाड़ियों की नीलामी होगी। इसके लिए दुनिया भर के 590 खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया है। खिलाड़ियों ने अलग-अलग बेस प्राइस में अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें से 28 कैप्ड, 355 अनकैप्ड और 7 एसोसिएट देश के हैं। दो करोड़ रुपये के शीर्ष बेस प्राइस में 48 खिलाड़ी हैं। इसके बाद 1.5 करोड़ रुपये के बेस प्राइस में 20 और एक करोड़ रुपये वाले में 34 खिलाड़ियों ने अपना नाम दर्ज करवाया है।

दो करोड़ के बेस प्राइस में से बीसीसीआई ने 10 क्रिकेटर को मार्की खिलाड़ियों की सूची में रखा है। मार्की खिलाड़ियों की बोली सबसे पहले लगेगी। इनमें श्रेयस अय्यर, डेविड वॉर्नर, शिखर धवन, मोहम्मद शमी, फाफ डुप्लेसिस, पैट कमिंस, रविचंद्रन अश्विन, क्विंटन डीकॉक, कगिसो रबाडा और ट्रेंट बोल्ट हैं।



### चेन्नई के तीन पूर्व अनुभवी खिलाड़ी 2 करोड़ की बेस प्राइस में

दो करोड़ की टॉप बेस प्राइस में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए लंबे समय तक खेलने वाले सुरेश रैना का नाम है। रैना आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने 205 मैच की 200 पारियों में 5528 रन बनाए हैं। रैना के अलावा इस लिस्ट में रॉबिन उथप्पा और अंबाती रायुडू का भी नाम है। उथप्पा और रायुडू भी पिछले सीजन में चेन्नई की टीम में शामिल थे।

### 1.5 करोड़ की बेस प्राइस में सिर्फतीन भारतीय

दो करोड़ के बाद डेढ़ करोड़ रुपये के बेस प्राइस का नंबर आता है। इसमें कुल 20 खिलाड़ियों ने अपना नाम दर्ज कराया है। हैरानी की बात है कि उनमें से सिर्फ तीन ही भारतीय हैं। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए पिछले सीजन में खेलने वाले वॉशिंगटन सुंदर के अलावा दिल्ली कैपिटल्स के दो पूर्व दिग्गज अमित मिश्रा और ईशांत शर्मा का नाम इसमें हैं।

### एक करोड़ की बेस प्राइस में अजिंक्य रहाणे और कुलदीप यादव

दो और डेढ़ करोड़ के बाद एक करोड़ की बेस प्राइस वाले खिलाड़ियों का नंबर आता है। इस लिस्ट में कुल 33 खिलाड़ी हैं और सभी कैप्ड हैं। अजिंक्य रहाणे, पीयूष चावला, मनीष पांडे, मोहम्मद नबी, डेविड मिलर, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, टी नटराजन, एडेन मार्कराम और लियाम लिविंगस्टोन इस सूची में हैं। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट स्टार मार्नश लाबुशेन भी इसी लिस्ट में हैं। न्यूजीलैंड के नए स्टार डेवोन कॉनवे, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा के अलावा दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी और रसी वान डर डुसेन ने भी डेढ़ करोड़ बेस प्राइस में अपना नाम दर्ज कराया है।

### श्रीसंत और पुजारा भी नीलामी में दिखेंगे

नीलामी में इस बार भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत भी दिखेंगे। श्रीसंत ने अपना बेस प्राइस 50 लाख रुपये रखा है। 2013 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए कथित रूप से स्पॉट फिक्सिंग में शामिल होने के कारण उन पर प्रतिबंध लगा था। उन्होंने पिछले साल घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। श्रीसंत के अलावा चेतेश्वर पुजारा 50 ने भी अपना नाम 50 लाख रुपये के बेस प्राइस में दर्ज कराया है। वे पिछले साल चैंपियन बनने वाली चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम के सदस्य थे।

## संपादकीय

# चुनौतियों की कसौटी पर

हर दौर की जरूरत अलग होती है। सालाना बजट को परखने की कसौटी यही होती है कि वह अपने समय की जरूरतों और आने वाली चुनौतियों से किस तरह दो-चार होता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2022-23 का जो बजट संसद में पेश किया है, उसकी समीक्षा भी इसी कसौटी पर हो सकती है। महामारी के दौर ने जो परेशानियां खड़ी की हैं, सीमित संसाधनों के जरिये उनसे निपटना किसी भी वित्त मंत्री के लिए टेढ़ी खीर हो सकता था। खासकर इसलिए कि अब यह मामला सिर्फ जन-स्वास्थ्य का नहीं है। महामारी ने सबसे ज्यादा अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया है। इस दौरान कई सारे उद्योग बंद हुए हैं, उत्पादन कम हुआ है, लोग बेरोजगार हुए हैं, आर्थिक असमानता और गरीबी, दोनों में इजाफा हुआ है। इन हालात में वित्त मंत्री ने एक ऐसा बजट देने की कोशिश की है, जो लोगों को अपने पैरों पर खड़े होने में मदद करे।

“ बजट 5जी तकनीक के जल्द आगमन को लेकर भी आश्वस्त करता है और पूरी तरह डिजिटल विश्वविद्यालय बनाने को लेकर भी। इस बजट का सबसे चिंताजनक पहलू है महंगाई की आशंका। चालू वित्त-वर्ष में वित्तीय घाटा 6.9 फीसदी तक पहुंच गया है, अगले वित्त-वर्ष के लिए 6.4 प्रतिशत का अनुमान है। अगले पूरे साल में सरकार को एक तो यह प्रयास करना होगा कि यह घाटा इस अनुमान से ज्यादा न बढ़े और दूसरे मुद्रास्फीति के रूप में इस घाटे की मार समाज के गरीब तबके पर न पड़े।

पिछले कुछ समय से अर्थशास्त्री दो जरूरतों की ओर ध्यान खींच रहे थे। एक तो रोजगार के अवसर बढ़ाने पर, और दूसरी, ऐसे तरीके अपनाने पर, जिनसे लोगों और खासकर मध्यवर्ग की जेब में ज्यादा पैसा जाए और इस पैसे से जब वे बाजार में कुछ खरीदने निकलें, तो मांग बढ़े। वित्त मंत्री ने पहली जरूरत पर ही सबसे ज्यादा ध्यान दिया। रोजगार का मामला मध्यवर्ग की आमदनी बढ़ने से कहीं बड़ा है। खासकर देश के कुछ हिस्सों में जिस तरह से रोजगार को लेकर युवाओं में असंतोष बढ़ रहा है, उसे देखते हुए इसे ही प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। इसके लिए बजट में सबसे ज्यादा जिसकी बात की गई है, वह है पूंजीगत खर्च। सरकार अगर बड़े पैमाने पर इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का निर्माण करती है, तो इनमें अकुशल से कुशल तक कई श्रेणियों में लोगों को रोजगार मिलने के अवसर खुलेंगे। देश में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर लघु और मध्यम उद्योगों में पैदा होते हैं। महामारी के दौरान ये उद्योग ही सबसे ज्यादा बंद हुए। बजट में ऐसे उद्योगों के लिए आपातकालिक कर्ज की व्यवस्था को भी बढ़ाया गया है, जो उन्हें संकट से उबार सकती है। मुमकिन है, आयकर दरों में कोई बदलाव न होने की वजह से मध्यवर्ग इस बजट से कुछ निराश हो, लेकिन संभव है कि कर व्यवस्था में स्थायित्व के लिए शायद सरकार को यह जरूरी लगा हो।

एक आशंका यह थी कि देश के कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के चलते बजट पर चुनावी असर दिख सकता है। वित्त मंत्री बजट को इस प्रभाव से मुक्त रखने में सफल रहीं और उन्होंने लोक-लुभावन घोषणाओं का ढेर नहीं लगाया। इस बजट की सबसे खास बात यह है कि इसमें तात्कालिकता के बजाय दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाया गया है। यही वजह है कि इसमें कई जगह हरित अर्थव्यवस्था, हरित ऊर्जा, प्राकृतिक खेती जैसे शब्द सुनाई देते हैं। बजट 5जी तकनीक के जल्द आगमन को लेकर भी आश्वस्त करता है और पूरी तरह डिजिटल विश्वविद्यालय बनाने को लेकर भी। इस बजट का सबसे चिंताजनक पहलू है महंगाई की आशंका। चालू वित्त-वर्ष में वित्तीय घाटा 6.9 फीसदी तक पहुंच गया है, अगले वित्त-वर्ष के लिए 6.4 प्रतिशत का अनुमान है। अगले पूरे साल में सरकार को एक तो यह प्रयास करना होगा कि यह घाटा इस अनुमान से ज्यादा न बढ़े और दूसरे मुद्रास्फीति के रूप में इस घाटे की मार समाज के गरीब तबके पर न पड़े।

“ आर्द्रभूमि न केवल जैव विविधता के उच्च संकेन्द्रण में सहायता करती है, बल्कि भोजन, पानी, फाइबर, भूजल पुनर्भरण, जल शोधन, बाढ़ नियंत्रण, तूफान से बचाव, कटाव का नियंत्रण, कार्बन का भंडारण और जलवायु संबंधी विनियमन जैसे महत्वपूर्ण संसाधनों एवं इकोलॉजी से जुड़े कार्यों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। भारत सरकार आर्द्रभूमि संरक्षण को अत्यधिक महत्व देती है और विकास की योजना के निर्माण और निर्णय लेने के सभी स्तरों पर उनकी संपूर्ण उपयोगिता को मुख्यधारा में लाना चाहती है।

# भारत आर्द्रभूमि संरक्षण को क्यों महत्व देता है

भूपेंद्र यादव

विश्व आर्द्रभूमि दिवस (वर्ल्ड वेटलैंड डे) 2 फरवरी को मनाया जाता है। दुनिया भर में इस दिवस का आयोजन लोगों और हमारी धरती के लिए आर्द्रभूमि के अहम महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जाता है। इसके अलावा, विश्व आर्द्रभूमि दिवस ईरान के शहर रामसर में 1971 में किए गए आर्द्रभूमि से संबंधित रामसर समझौते को याद करने का भी एक अवसर है।

आज यह ध्यान देने योग्य तथ्य है कि रामसर समझौते के ग्लोबल वेटलैंड आउटलुक के अनुसार, आर्थिक रूप से दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण इकोसिस्टम और वैश्विक जलवायु के नियामकों में शामिल आर्द्रभूमि जंगलों की तुलना में तीन गुना तेजी से गायब हो रहे हैं। वनों के महत्व के बारे में जहां काफी जानकारियां उपलब्ध हैं, वहीं आर्द्रभूमि की उपयोगिता को हमेशा पूरी तरह से नहीं समझा गया है।

पीटलैंड, जोकि दुनिया के भूसतह का सिर्फ तीन प्रतिशत हिस्सा हैं, वनों की तुलना में दोगुना कार्बन संचित करते हैं और इस प्रकार वे जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और जैव विविधता से संबंधित वैश्विक प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। निश्चित रूप से, आर्द्रभूमि समुद्र तटों की रक्षा करके बाढ़ जैसी आपदाओं के जोखिम को कम करने में भी मदद करती है।

तटीय और समुद्री इकोसिस्टम में प्रजातियों की समृद्धि के बारे में किए गए एक हालिया संकलन ने समुद्री घास की कम से कम 14 प्रजातियों, मैनग्रोव की 69 प्रजातियों (सहयोगियों सहित), डायटम की 200 से अधिक प्रजातियों, पोरिफेरा की 512 प्रजातियों, सीनिडारिया की 1,042 प्रजातियों, मोलस्क की 55,525 प्रजातियों, क्रस्टेशियंस की 2,394 प्रजातियों, मत्स्य वर्ग (पाइसीज) की 2,629 प्रजातियों, सरीसृप वर्ग की 37 प्रजातियों, पक्षियों की 243 प्रजातियों और स्तनधारी की 24 प्रजातियों की उपस्थिति का संकेत दिया है। भारतीय मैनग्रोव में पायी जाने वाली वनस्पतियों की 925 प्रजातियों और जीव ङ्क जन्तुओं की 4,107 प्रजातियों के बारे में जानकारियां उपलब्ध हैं। देश के महत्वपूर्ण रीफक्षेत्रों में फलतेङ्कफूलते कम से कम 478 प्रजातियों के साथ भारत के स्क्लेरेक्टिनिया कोरल में अन्य उष्णकटिबंधीय रीफ क्षेत्रों की तुलना में अधिक समृद्ध विविधता है।

हर साल, लाखों प्रवासी पक्षी भारत आते हैं और आर्द्रभूमि इस वार्षिक परिघटना में अहम भूमिका निभाती हैं। इकोलॉजी की दृष्टि से आर्द्रभूमि पर निर्भर रहने वाले ये प्रवासी जलपक्षी अपनी मौसमी आवाजाही के जरिए विभिन्न महाद्वीपों, गोलार्धों, संस्कृतियों और समाजों को आपस में जोड़ते हैं। यह प्रवासन एक बेहद ही नाजुक दौर होता है, एक ऐसा समय जब पक्षियों को उच्चतम मृत्यु दर का सामना करना पड़ता है। स्टॉपओवर साइट या ठहराव स्थल प्रवासी पक्षियों को आराम और शिकारियों एवं उनकी यात्रा के अगले चरण पर निकलने से पहले खराब मौसम से सुरक्षा प्रदान करती हैं। विविध प्रकार की आर्द्रभूमि पक्षियों को जरूरी ठहराव की सुविधा प्रदान करती है। बदले में, ये प्रवासी जलपक्षी संसाधनों के प्रवाह, जैव ईंधन (बायोमास) के हस्तांतरण, पोषक तत्वों के निर्यात, खाद्य-संजाल संरचना और यहां तक कि सांस्कृतिक संबंधों को आकार देने में योगदान देकर उन आर्द्रभूमि में एक अहम भूमिका निभाते हैं जहां वे अपने जीवनकाल के विभिन्न चरणों में रहते हैं।

मध्य एशियाई फ्लाईवे (सीएएफ) जलपक्षियों के उन नौ वैश्विक फ्लाईवे में से एक है, जिसमें साइबेरिया के सबसे उत्तर में स्थित प्रजनन भूमि से लेकर पश्चिम एवं दक्षिण एशिया के सबसे दक्षिण में स्थित गैर-प्रजनन भूमि तक, मालदीव और ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र के प्रवासन मार्ग शामिल हैं (सीएमएस 2005)। मध्य एशियाई फ्लाईवे (सीएएफ) के लगभग 71 प्रतिशत प्रवासी जलपक्षी भारत को एक ठहराव स्थल के रूप में उपयोग करते हैं। इसलिए, इस फ्लाईवे के भीतर जलपक्षियों की आबादी को बनाए रखने के लिए भारतीय आर्द्रभूमि के स्वास्थ्य को सही बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

आर्द्रभूमि का भारतीय संस्कृति और परंपराओं के साथ भी एक गहरा संबंध है। मणिपुर में जहां लोकटक झील स्थानीय लोगों द्वारा ‘इमा’ (अर्थात् माता) के रूप में पूजनीय है, वहीं सिक्किम की खेचोपलरी झील ‘मनोकामना पूरी करने वाली झील’ के रूप में लोकप्रिय है। उत्तर भारत का छठ पर्व लोग, संस्कृति, पानी और आर्द्रभूमि के जुड़ाव की सबसे अनोखी अभिव्यक्तियों में से एक है। कश्मीर में डल झील, हिमाचल प्रदेश में खज्जियार झील, उत्तराखंड में नैनीताल झील और तमिलनाडु में कोडाईकनाल देश के लोकप्रिय पर्यटन स्थल हैं, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ओडिशा की चिल्का झील में किया जाने वाला मत्स्यपालन और पर्यटन इस लैगून के आसपास रहने वाले दो लाख से अधिक लोगों की आजीविका को सहारा देता है।



इतने व्यापक महत्व के बावजूद, वैश्विक स्तर पर आर्द्रभूमि का अस्तित्व जल निकासी, प्रदूषण, अंधाधुंध उपयोग, आक्रामक प्रजातियों, वनों की कटाई और मिट्टी के कटाव सहित विभिन्न कारणों से खतरे में है।

हालांकि, वैश्विक स्तर पर आर्द्रभूमि के सिकुड़ते जाने की प्रवृत्ति के उलट भारत गर्व के साथ आर्द्रभूमि के संरक्षण में सक्रिय है। ऐसा करते हुए हमने अपने समृद्ध अतीत से प्रेरणा लेना जारी रखा है। आर्द्रभूमि का उल्लेख चाणक्य के अर्थशास्त्र में भी मिलता है, जहां इसे ‘अनुपा’ या अतुलनीय भूमि कहा गया है और पवित्र माना गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र नोदी द्वारा निरंतरता को विकास का एक प्रमुख पहलू बनाए जाने के साथ भारत में आर्द्रभूमि की देखभाल करने के तरीके में समग्र सुधार हुआ है। यह देश अब रामसर जैसे 47 स्थलों की भूमि है। यह दक्षिण एशिया के किसी भी देश के लिए रामसर जैसे स्थलों का सबसे बड़ा नेटवर्क है। जिन लोगों को शायद रामसर के बारे में जानकारी नहीं है, उन्हें जानना चाहिए कि यह एक आर्द्रभूमि स्थल है जिसे अंतरराष्ट्रीय महत्व की एक परिघटना के लिए नामित किया गया।

भारत की राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य-योजना (2017-2031) ने अंतर्देशीय जलीय इकोसिस्टम के संरक्षण को 17 प्राथमिकता वाले कार्यों में से एक के रूप में पहचाना है और महत्वपूर्ण उपायों के तौर पर एक राष्ट्रीय आर्द्रभूमि मिशन और एक राष्ट्रीय आर्द्रभूमि जैव विविधता रजिस्टर के गठन की परिकल्पना की है। नदी बेसिन प्रबंधन में आर्द्रभूमि के एकीकरण को नदी प्रणालियों के प्रबंधन से जुड़ी एक रणनीति के रूप में चिन्हित किया गया है। आर्द्रभूमि हमारे पानी को शुद्ध तथा जलस्त्रोतों को पुनर्जीवित करती हैं और अरबों लोगों के खाने के लिए मछली एवं चावल मुहैया कराती हैं।

इसकी महत्ता को समझते हुए, जलवायु परिवर्तन से संबंधित राष्ट्रीय कार्य-योजना ने राष्ट्रीय जल मिशन एवं हरित भारत मिशन में आर्द्रभूमि के संरक्षण और सतत प्रबंधन को शामिल किया है।

केन्द्र द्वारा अधिनियमित विभिन्न नियमों एवं विनियमों के तहत आर्द्रभूमि को संरक्षण प्राप्त है। भारतीय वन अधिनियम, 1927, वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 और भारतीय वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के विभिन्न प्रावधान वनों और नामित संरक्षित क्षेत्रों के भीतर स्थित आर्द्रभूमि से संबंधित नियामक ढांचे को परिभाषित करते हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 2017 में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (ईपी अधिनियम) के तहत आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियमों को अधिसूचित किया। इन नियमों के प्रावधानों के अनुसार, राज्यों के भीतर मुख्य नीति और नियामक निकायों के रूप में राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरणों का गठन किया गया है।

इसके अलावा, ईपी अधिनियम के तहत, तटीय विनियमन क्षेत्र (सीआरजेड) अधिसूचना (2018) तथा इसके संशोधनों और द्वीप संरक्षण क्षेत्र (आईपीजेड) अधिसूचना 2011 के तहत तटीय आर्द्रभूमि संरक्षित हैं।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 2020 में ‘आर्द्रभूमि के कायाकल्प’ को एक परिवर्तनकारी विचार के रूप में अपनाया। इस कार्यक्रम की संरचना एक चहुंमुखी दृष्टिकोण के इर्द-गिर्द की गई है: क) आधारभूत जानकारी विकसित करना; ख) आर्द्रभूमि स्वास्थ्य कार्ड के रूप में मापदंडों के एक सेट का उपयोग करके आर्द्रभूमि की स्थिति का त्वरित मूल्यांकन; ग) आर्द्रभूमि मित्र के रूप में हितधारक प्लेटफार्मों को सक्षम बनाना; और घ) प्रबंधन संबंधी योजना। तब से लेकर अब तक 500 से अधिक आर्द्रभूमि को कवर करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का विस्तार किया गया है।

आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में और आर्द्रभूमि के संरक्षण में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी महत्वपूर्ण आर्द्रभूमि में आर्द्रभूमि मित्र पंजीकृत किए गए हैं और इन आर्द्रभूमि में महत्व और खतरे से संबंधित संकेतक स्थापित किए गए हैं।

आर्द्रभूमि से संबंधित सभी प्रबंधकों और हितधारकों के उपयोग के लिए आर्द्रभूमि से जुड़े एक ज्ञान केन्द्र के रूप में एक राष्ट्रीय आर्द्रभूमि पोर्टल (https://indianwetlands.in/) को विकसित किया गया है।

आर्द्रभूमि न केवल जैव विविधता के उच्च संकेन्द्रण में सहायता करती है, बल्कि भोजन, पानी, फाइबर, भूजल पुनर्भरण, जल शोधन, बाढ़ नियंत्रण, तूफान से बचाव, कटाव का नियंत्रण, कार्बन का भंडारण और जलवायु संबंधी विनियमन जैसे महत्वपूर्ण संसाधनों एवं इकोलॉजी से जुड़े कार्यों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। भारत सरकार आर्द्रभूमि संरक्षण को अत्यधिक महत्व देती है और विकास की योजना के निर्माण और निर्णय लेने के सभी स्तरों पर उनकी संपूर्ण उपयोगिता को मुख्यधारा में लाना चाहती है।

**( भूपेंद्र यादव, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन और श्रम एवं रोजगार मंत्री हैं। उन्होंने द राइज ऑफद बीजेपी: द मेकिंग ऑफद वर्ल्ड्स लार्जेस्ट पॉलिटिकल पार्टी नाम की पुस्तक लिखी है।)**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



फूल खिले मिट्टी ने
बीजों को समर्पण दिया,
दुलारा हवाओं ने सूर्य
की ऊर्जा से, चन्द्रमा
की शीतलता से, तब
जाके रंग भरा मेरी
बगिया में।

-अंजली जैन
7024460938





स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239




























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### आंगनबाड़ी केन्द्र के 34 हजार 940 हितग्राहियों को घर पहुंचाकर

**कांकेर।** प्रदेश में एकीकृत बाल विकास सेवाएँ अंतर्गत आँगनवाडी केन्द्रों द्वारा पूरक पोषण आहार एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है। आँगनवाडी केन्द्रों के माध्यम से 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों तथा गर्भवती माताओं को पूरक पोषण आहार का प्रदाय किया जाता हैं। कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों और प्राथमिक पाठशालाओं को बंद रखने के निर्देश दिये हैं। कोविड-19 गाईड लाईन का पालन करते हुए हितग्राहियों को घर-घर जाकर गर्भवती माताओं और आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को कार्यकर्ता और सहायिकाओं के द्वारा गरम भोजन वितरण किया जा रहा है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिले में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के 03 से 06 वर्ष के 28 हजार 110 बच्चों और 6830 गर्भवती माताओं को महतारी जतन योजना के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के द्वारा गरम भोजन घर पहुंचाकर दिया जा रहा है। इस प्रकार जिले के 34 हजार 940 हितग्राहियों को पूरक पोषण आहार से लाभान्वित किया जा रहा है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक

**महासमुंद।** जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आज कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के महानदी सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने रेट्रोफिटिंग जलप्रदाय योजना, सिंगल विलेज पेयजल योजना की कार्य-प्रगति की जानकारी ली। बैठक में कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव ने तकनीकी स्वीकृति प्राप्त 05 सिंगल विलेज योजना के अनुमोदन एवं ऑनलाइन निविदा आमंत्रण का प्रस्ताव रखा। जिसे अनुमोदित किया गया। कलेक्टर ने पांच ग्राम पंचायत के 34 ग्राम पंचायतों के 77 ग्रामों की स्कूल, ऑगनाबड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं अन्य प्रशासकीय भवनों में रनिंग वाटर के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, इसके साथ ही 03 रेट्रोफिटिंग, 01 सिंगल विलेज योजनाओं के लिए तैयार प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने तथा ऑनलाईन निविदा निमंत्रण हेतु ड्रॉफ्ट एन.आई.टी. पर अनुमोदन किया।

# वर्धा की तर्ज पर नवा रायपुर में बनेगा सेवा ग्राम, महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को आगे बढ़ाएगी परियोजना

श्रीकंचनपथ न्यूज

- सेवा ग्राम के जरिए गांधीवादी विचारधारा से जुड़ेंगे युवा
- सेवा ग्राम में बुजुर्गों के लिए दूसरा घर और वंचितों के लिए भी स्कूल
- सेवा ग्राम के लिए 75 एकड़ भूमि चिन्हांकित



**रायपुर।** देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर महात्मा गांधी की ग्राम-स्वराज की संकल्पना को अक्षुण्ण रखने के लिए छत्तीसगढ़ के नवा-रायपुर में भी वर्धा की तर्ज पर सेवा-ग्राम की स्थापना की जा रही है।

देश की आजादी की लड़ाई के मूल्यों, सिद्धांतों, आदर्शों को भी सेवा ग्राम में रेखांकित किया जाएगा। सांसद श्री राहुल गांधी 03 फरवरी को साइंस कॉलेज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में इस सेवा ग्राम की आधारशिला रखेंगे। महात्मा गांधी के सपनों के अनुरूप नवा रायपुर में बनने वाले सेवा ग्राम में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आत्मनिर्भर-ग्राम की कल्पना को साकार करने के लिए सभी प्रकार के कारीगरों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। यह परियोजना गांधी-दर्शन को याद रखने और सीखने की प्रेरणा देगी। साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन की यादों और राष्ट्रीय इतिहास को भी इसके माध्यम से जीवंत रखा जा सकेगा। नवा-रायपुर में बनने वाले सेवा ग्राम के लिए 75 एकड़ की जमीन चिन्हांकित की गई है। इसे ग्रामीण परिवेश के रूप में विकसित किया जाएगा। सेवा ग्राम में छत्तीसगढ़ की परंपरागत ग्रामीण भवन शैली की झलक दिखेगी। निर्माण कार्यों में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री का उपयोग होगा। यहां की सड़के भी ग्रामीण परिवेश के अनुरूप होंगी। सेवा ग्राम तक पूरा क्षेत्र हरियाली से भरपूर रहेगा। आश्रम का पूरा वातावरण आत्मिक शांति प्रदान करेगा।

सेवा-ग्राम के निर्माण में मिट्टी, चूना, पत्थर जैसी प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग करते हुए किया जाएगा। सेवाग्राम में गांधीवादी सिद्धांतों, ग्रामीण कला और शिल्प के केंद्र विकसित किए जाएंगे, जहां अतिथि विषय-विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। यहां छत्तीसगढ़ की लोक कलाओं को प्रोत्साहन साथ ही वहां वृद्धाश्रम तथा वंचितों के लिए स्कूल भी स्थापित किए जाएंगे। बुजुर्गों को दूसरा घर देकर और वैचारिक आदान-प्रदान की सुविधा होगी। साथ ही विजिटर्स सेंटर और गांधी के सिद्धांतों को स्मरण करने का केंद्र होगा। सेवा ग्राम में छत्तीसगढ़ की विशिष्ट कला और शिल्प कला भी दिखेगी। यहां के विभिन्न कार्यों बस्तर, रायगढ़ और अन्य जिलों में बेल मेटल, लौह, टेराकोटा, पत्थर, कपड़े और बांस का उपयोग करके विभिन्न कलात्मक वस्तुओं से सजाया जाएगा। वास्तव में सेवाग्राम एक ऐसा स्थान होगा जहां आगंतुक स्थानीय कला और शिल्प, स्थानीय व्यंजनों को बारे में जान सकेंगे। अपनी जानकारियों और अनुभवों को साझा कर सकेंगे। सेवा ग्राम में एक ओपन थियेटर भी होगा, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे पर्यटन के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।

गौरतलब है कि इस परियोजना के पीछे महाराष्ट्र के वर्धा में स्थित सेवाग्राम है, जिसकी स्थापना वर्ष 1936 में महात्मा गांधी और उनकी सहधर्मिणी कस्तूरबा के निवास के रूप की गई थी, ताकि वहां से वे मध्य भारत में स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व कर सकें। वर्धा का यह संस्थान महात्मा गांधी के सपनों के अनुरूप ग्रामीण भारत के पुनर्निर्माण का केंद्र भी था। गांधीजी का मानना था कि भारत की स्थितियों में स्थायी रूप से सुधार के लिए ग्राम-सुधार ही एकमात्र विकल्प है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में गांधीवासी सिद्धांतों और नियमों को लोगों तक पहुंचाने के लिए वर्धा की तर्ज पर नवा रायपुर में गांधी सेवा ग्राम को बनाने की संकल्पना की गई है। उनका मानना है कि नयी पीढ़ी को गांधीवादी विचारधारा से जोड़कर युवाओं की ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में उपयोग किया जा सकता है। यह केन्द्र देश भर के युवाओं को गांधी दर्शन से परिचित कराने का माध्यम बनेगा।

# मंत्री लखमा ने बारु नदी में पुल निर्माण का किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने आज सुकमा जिले के छिंदगढ़ ब्लॉक के ग्राम सगुनघाट में बारु नदी पर पुल निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। बारु नदी पर 990.36 लाख की लागत से 168 मीटर पुल निर्माण होने से सगुनघाट और गुपनपाल के मध्य की अतिरिक्त दूरी कम हो जायेगी।



उद्योग मंत्री श्री लखमा ने बारु नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन पर ग्रामीणों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिले के विकास के लिए सड़क और नदी पर सुगम आवागमन के लिए पुल का निर्माण महत्वपूर्ण है। पुल निर्माण से सगुनघाट, लेदा, पुसपाल, रेड्डीपाल, बदनपाल, कुमाकोलेंग, चितलनार, किकिरपा और तुमुकपाल सहित 9 ग्राम के लगभग 10 हजार ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। ग्रामीण विकास में आवागमन सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को शासन की प्राथमिकताओं में से एक बताते हुए उन्होंने कहा कि शासन किसानों के हित के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है।

मंत्री श्री लखमा ने कहा कि किसानों को जहां उनकी उपज का सही दाम मिल रहा है वहीं शासन द्वारा अब भूमिहीन मजदूरों को भी राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषक मजदूर न्याय योजना के तहत साल में 6 हजार रुपए प्रदान किया जाएगा।

इसके साथ ही वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना आदि के तहत भी आर्थिक लाभ प्रदाय किया जा रहा है। आदिवासी अंचल में आदिवासी संस्कृति, रीति-रिवाज और आस्था के विकास के लिए देवगुड़ी निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा कुपोषण को दूर करने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी में बच्चों और महिलाओं को अंडे प्रदान किए जा रहे हैं। राज्य सरकार के इन प्रयासों से सुकमा जैसे घोर आदिवासी अंचल में भी कुपोषण में कमी आई है। उन्होंने छिन्दगढ़ ब्लॉक के तोंगपाल में खेल मैदान बनाए जाने की घोषणा की।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हरीश कवासी, छिन्दगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती देवली बाई नाग, सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष श्री जगन्नाथ साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुरलीधर नेताम के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। कांग्रेस नेता मुरलीधर नेताम के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि ईश्वर इस दुख की घड़ी में परिवारजनों को सहनशक्ति एवं मृत आत्मा को शांति प्रदान करे।

कांग्रेस नेता मुरलीधर नेताम के निधन पर प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी, गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, संचार विभाग सदस्य आर.पी. सिंह, संचार विभाग सदस्य सुरेंद्र शर्मा, संचार विभाग सदस्य विकास दुबे, संचार विभाग सदस्य संदीप साहू, संचार विभाग सदस्य नितिन भंसाली, संचार विभाग सदस्य अधिवक्ता अमित वास्तव ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस नेता मुरलीधर नेताम के निधन पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, विकास तिवारी, मोहम्मद असलम, एडवोकेट सुरेंद्र वर्मा, वंदना राजपूत, विकास विजय बजाज, अजय गंगवानी, मणि प्रकाश वैष्णव, अशुंल मिश्रा ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### वन एवं परिवहन मंत्री मो. अकबर ने धान उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा की, कहा-

# आगामी 7 फरवरी तक धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित हो

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम जिले में व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने सूरजपुरा में एक नवीन संग्रहण केन्द्र के निर्माण संबंधी प्रस्ताव देने के निर्देश**

रायपुर। वन, परिवहन तथा विधि-विधायी मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने आज कबीरधाम जिले के अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन व्यवस्था के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने राज्य शासन द्वारा धान उपार्जन के लिए बढ़ाई गई तिथि 7 फरवरी तक धान खरीदी कार्य का सुव्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए।



साथ ही जिले में उपार्जित धान का शीघ्रता से उठाव भी सुनिश्चित करने निर्देशित किया। यह बैठक उन्होंने राजधानी के शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा विधायक कवर्धा श्री अकबर ने समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस दौरान किसानों को समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री के लिए कोई दिक्कत न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री से कोई भी पात्र किसान वंचित न हो। वन मंत्री श्री अकबर ने कबीरधाम जिले में धान उपार्जन के तहत संग्रहण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सूरजपुरा में एक नवीन संग्रहण केन्द्र के निर्माण संबंधी प्रस्ताव देने निर्देश दिए।

उन्होंने इस दौरान समितियों में उपार्जित धान को शीघ्रता से उठाव सुनिश्चित करने हेतु विशेष जोर दिया। वन मंत्री श्री अकबर ने समीक्षा करते हुए कबीरधाम जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के सुचारू संचालन व्यवस्था की सराहना की।

बैठक में जिला कलेक्टर श्री रमेश शर्मा ने खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की जानकारी देते हुए बताया कि जिले के समस्त 103 उपार्जन केन्द्रों में अब तक 4 लाख 14 हजार 481 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है, जो लक्ष्य 4 लाख 48 हजार 949 मीट्रिक टन का लगभग 92 प्रतिशत है।

इनमें धान का उठाव भी सतत रूप से जारी है। उन्होंने बताया कि जिले में 56 अरवा और दो उसना राईस मिल हैं। राईस मिलों को अब तक कुल एक लाख 10 हजार 868 मीट्रिक टन धान का डीओ जारी किया गया। जारी डीओ में राईस मिलरों द्वारा 94 हजार 373 मीट्रिक टन धान का उठाव किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### आवेदन जमा करने रायपुर जाना नही पड़ेगा

# जांजगीर में खुला महिला आयोग का कार्यालय महिलाओं को होगी आसानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। जांजगीर जिले की महिलाओं को उत्पीड़न संबंधित शिकायतों के आवेदन जमा करने के लिए अब रायपुर नही आना पड़ेगा। उनके प्रकरणों की सुनवाई के लिए आवेदन जिले में ही जमा किया जा सकेगा।



छत्तीसगढ़ महिला आयोग की जिला जांजगीर की सदस्य सुश्री शशिकान्ता राठौर ने जिला बाल संरक्षण समिति कार्यालय जांजगीर में सोमवार को महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई के लिए आयोग के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया।

उन्होंने श्रीफल और पुष्प भवन की विधिवत पूजा अर्चना की और सब के सुख,खुशहाली और न्याय के लिए प्रार्थना की।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि महिलाओं की सुविधा की दृष्टि से यह उल्लेखनीय कदम है। पहले दिन ही महिला उत्पीड़न संबंधी एक आवेदन कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

### ठंड में आई कमी, रात का पारा चढ़ा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तापमान में अब धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। दिन का तापमान जहां सामान्य से दो से तीन डिग्री अधिक रहा, वहीं न्यूनतम तापमान में भी तीन से चार डिग्री तक तीन दिन में बढ़ गया। हालांकि प्रदेश में न्यूनतम तापमान मंगलवार को पांच डिग्री तक कम रहा। दुर्ग में न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री रहा, जो सामान्य से पांच डिग्री कम था। वहीं प्रदेश में सबसे कम तापमान बलरामपुर में 7.1 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी में रात का तापमान 13.4 डिग्री रहा। अधिकतम तापमान 30.0 डिग्री रहा, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक था। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में तीन और चार फरवरी को प्रदेश के उत्तरी इलाके के कुछ स्थानों पर बारिश होने की भी संभावना है।



















## खास खबर

### रायपुर में मौनी अमावस्या पर मौन व्रत रख शिव-शनि को पूजा

**रायपुर ( ए )।** हिंदू संवत्सर के माघ माह की अमावस्या तिथि मंगलवार को मौनी अमावस्या के रूप में मनाई गई। श्रद्धालुओं ने मौन व्रत रखकर भगवान भोलेनाथ और सूर्य पुत्र शनिदेव की पूजा कर ग्रह दोषों से मुक्ति पाने की कामना की। पवित्र नदी में डुबकी लगाने की मान्यता के चलते श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई और दान करने की परंपरा निभाई। खारुन नदी के महादेवघाट पर पुण्य की डुबकी लगाने सुबह से दोपहर तक श्रद्धालु पहुंचते रहे। कोरोना महामारी के चलते हटकेश्वर महादेव का दर्शन करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने तीन-तीन फीट की दूरी में खड़े होकर दर्शन लाभ लिया। हटकेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पं.सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि मौनी अमावस्या पर अनेक श्रद्धालुओं ने स्नान करके पितरों के निमित्त तर्पण करने की परंपरा निभाई। शनि मंदिर के पुजारी पं.दीपक शर्मा ने बताया कि मौनी अमावस्या पर भगवान शनिदेव पर तेल अभिषेक करने और तिल अर्पित करने की परंपरा का श्रद्धालुओं ने पालन किया। शाम को शनि प्रतिमा का फूलों से श्रृंगार करके महाआरती की गई।

#### मौन व्रत रखकर किया दान

महामाया मंदिर के पुजारी पं.मनोज शुक्ला ने बताया कि अनेक श्रद्धालुओं ने मौन व्रत रखकर दान पुण्य किया। कुछ ने सवा घंटे का मौन रखा तो किसी ने पांच घंटे तक मौन धारण करने का संकल्प रख व्रत किया। पद्म पुराण में कहा गया है कि माघ मास में जप, तप, दान, पवित्र नदियों में डुबकी लगाने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। इसी मान्यता के चलते श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़कर दान किया।

### अवैध छज्जा निर्माण के विरोध में भाजपा का धरना, निर्माणकर्ता ने छज्जा हटाया

**रायपुर ( ए )।** कबीर पंथ के संत प्रकाशमुनि नाम साहेब ने कुछ दिन पहले इंटरनेट मीडिया पर जानकारी साझा की कि कटोरा तालाब स्थित उनके घर के सामने अवैध रूप से छज्जा निर्माण किया गया है। इस पर भाजपा और कबीर पंथ के अनुयायी भड़क गए। सोमवार को राजधानी में इस अवैध निर्माण के विरोध में भाजपा पार्षद दलनगर निगम रायपुर ने जोन कार्यालय चार के पास धरना दिया। भाजपा पार्षद के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने बताया कि जोन चार के आयुक्त विनय मिश्रा से कटोरा तालाब स्थित कबीर पंथ के संत प्रकाशमुनि नाम साहेब के घर से लगी सार्वजनिक गली के ऊपर छज्जा डालकर कब्जा करने वाले निर्माण के संबंध में जानकारी मांगी। जोन आयुक्त से पूछा कि अवैध निर्माण कौन कर रहा है? क्या उसका नक्शा स्वीकृत है? वर्षों से उपयोग में आ रही सार्वजनिक गली में पक्के छज्जे के निर्माण के लिए कार्य अनुमति नगर निगम ने किस आधार पर दी है, अब तक उस अवैध निर्माण पर क्या कार्रवाई हुई? यह गली में अतिक्रमण कर निर्माण का मामला है, जिस पर जिला प्रशासन द्वारा सीमांकन की कार्रवाई की जा रही है। क्या संबंधित निर्माणकर्ता को जोन चार ने नोटिस जारी किया है? उल्लेखनीय है कि विरोध को देखते हुए संबंधित निर्माणकर्ता ने छज्जा हटा लिया है। धरना में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, जोन तीन के अध्यक्ष प्रमोद साहू, पार्षद सीमा साहू, सरिता वर्मा, दीपक जायसवाल, रोहित साहू, भोला साहू, आशु चंद्रवंशी, राम प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

#### महापौर ने कार्रवाई को लेकर इंटरनेट मीडिया में साझा की जानकारी

महापौर एजाज ढेबर ने इस मामले को लेकर इंटरनेट में जानकारी साझा करके कहा कि कबीर पंथ के गुरु श्री प्रकाशमुनि नाम साहेब का हम सब और प्रदेश भर के लोग सम्मान करते हैं। उनके आवास के समीप अवैध निर्माण कार्यों को लेकर मिली शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई की गई है। राजधानी में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह किसी भी व्यक्ति से संबंधित क्यों न हो।

# राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में दिखेगी छत्तीसगढ़ के विकास की झलक

**3 फरवरी को होगा राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का शुभारंभ**

**बस्तर के डोम में विकास गाथा के साथ धार्मिक परम्पराएं भी देखने को मिलेगी**

**नवा रायपुर में बनने वाले सेवाग्राम पर भी प्रदर्शनी**

**सांसद राहुल गांधी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे शिरकत**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण योजना आगामी 3 फरवरी को शुरू करने जा रही है। ग्रामीण मजदूर वर्ग के लिए लॉन्च की जा रही इस योजना को ''राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना'' नाम दिया गया है। इसका शुभारंभ सांसद राहुल गांधी के मुख्य आतिथ्य में राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित समारोह में किया जाएगा। इसके साथ ही ''राजीव मितान क्लब योजना'' के तहत राशि का आवंटन किया जाएगा। वहीं वर्धा की तर्ज पर नवा रायपुर में बनने वाले सेवा ग्राम की आधारशिला रखी जाएगी। इस समारोह के लिए तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस पूरे आयोजन के दौरान साइंस कॉलेज मैदान में विभिन्न स्टॉलों के जरिए छत्तीसगढ़ के विकास की झलक देखने को मिलेगी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद ''न्याय रू सब्बो बर-सब्बो डहर'' के ध्येय को लेकर काम शुरू किया गया। राज्य सरकार सबसे पहले किसानों के लिए न्याय की योजना ''राजीव गांधी किसान न्याय योजना'' लेकर आयी, जिससे किसानों को उनकी लागत की उचित कीमत मिले। 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना' के जरिए किसानों को फसल विविधीकरण एवं उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ाने के लिए आदान सहायता (इनपुट सब्सिडी) के रूप में बड़ी धनराशि दी जा रही है। वहीं 'गोधन न्याय योजना' लागू कर राज्य सरकार गौपालकों, किसानों से दो रुपए प्रति किलो की दर से गोबर की खरीदी कर उन्हें सीधा लाभ दे रही है। इस योजना में खरीदे गए गोबर से गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट और सुपर कम्पोस्ट जैसे उत्पाद बनाए जा रहे हैं, जिससे जैविक कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में काम हो रहा है। साथ ही स्व-सहायता समूहों की महिलाओं व उनके परिवार को आर्थिक संबलता और समृद्धि मिल रही है। अब 'न्याय' की कड़ी में अब ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार के लिए 'न्याय' मिलने जा रहा है, जिसमें ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार को प्रति वर्ष 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद राज्य सरकार की ओर से दी जाएगी। इसके लिए अनुपूरक बजट में 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस योजना का शुभारंभ सांसद राहुल गांधी की मौजूदगी में होगा। कार्यक्रम में सांसद राहुल गांधी योजना के पात्र 3 लाख 55 हजार भूमिहीन कृषक मजदूरों को डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों राशि अंतरण करेंगे।

रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम स्थल पर सात डोम होंगे। मुख्य डोम में मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें वे ''राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना'' का शुभारंभ करेंगे। इन डोमों में अलग-अलग जिलों द्वारा छत्तीसगढ़ में विकास गाथा को दर्शाती प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जहां शासन की प्रमुख योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही फ्लैगशिप योजनाओं को विभिन्न मॉडलों के माध्यम से दिखाया जाएगा।


#### सेवा ग्राम की आधारशिला रखी जाएगी, लगेगी प्रदर्शनी

देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर महात्मा गांधी की ग्राम-स्वराज की संकल्पना को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ के नवा-रायपुर में भी वर्धा की तर्ज पर सेवा-ग्राम की स्थापना की जा रही है। इसके लिए नवा-रायपुर में 75 एकड़ जमीन चिन्हांकित की गई है। सेवा ग्राम में देश की आजादी की लड़ाई के मूल्यों, सिद्धांतों, आदर्शों को भी रेखांकित किया जाएगा। सांसद राहुल गांधी 03 फरवरी को साइंस कॉलेज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में इस सेवा ग्राम की आधारशिला रखेंगे। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर सेवा ग्राम से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

#### बस्तर का डोम होगा आकर्षण का केन्द्र

छत्तीसगढ़ का प्रमुख हिस्सा बस्तर की बात करें वहां पर बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों की उपलब्धियों को दर्शाने के लिए एक डोम बनाया जा रहा है। इस डोम में प्रवेश द्वार पर वैश्विक ब्रांड बन चुके डेनेक्स का स्टॉल होगा। वहीं डोम के चारों ओर बस्तर में विश्वास, विकास और सुरक्षा के ध्येय को लेकर काम को शिक्षा, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य, सुपोषण, कृषि, वनोपज व हर्बल उत्पाद, उद्यानिकी और कलागुड़ी के स्टॉल में दर्शाया जाएगा। बस्तर के डोम के केन्द्र में धार्मिक आस्था को मनोरम अंदाज में दर्शाते देवगुड़ी का मॉडल देखने को मिलेगा, जिसके अग्र भाग में आंगा को विराजित किया जाएगा।

# जल जीवन मिशनः एकल नल जल प्रदाय योजना, 7.17 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्रकुमार के निर्देशन पर ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसी कड़ी में मुंगेली कलेक्टर अजीत वसंत जल जीवन मिशन के अंतर्गत गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर वसंत ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग, नल जल प्रदाय योजना, सोलर आधारित एकल ग्राम योजना, विद्युत आधारित एकल ग्राम योजना तथा इनमें ऑनलाईन निविदा के अंतर्गत अनुबंध एवं जारी कार्यादेश और स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए रार्निंग वाटर की व्यवस्था आदि कार्यों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में उन्होंने योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर एकल नल जल प्रदाय योजना के तहत 7 करोड़ 17 लाख छिहत्तर हजार रूपए के विभिन्न कार्यों का अनुमोदन किया गया। इनमें मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम पण्डोतरा के लिए एक करोड़ 60 लाख, ग्राम खुजहा के लिए एक करोड़ 8 लाख 55 हजार, ग्राम करूपान के लिए एक करोड़ 13 लाख 79 हजार, ग्राम कुआंगांव के लिए एक करोड़ 83 लाख 48 हजार, ग्राम छुईहा के लिए 95 लाख 46 हजार तथा विकासखण्ड लोरमी के ग्राम कारीडोंगरी के लिए एक करोड़ 15 लाख 88 हजार रूपए के विभिन्न कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन शामिल है। इसी तरह बैठक में विभिन्न ग्रामों के अनुबंधित कार्यों के देयक भुगतान और गैर अनुबंधित देयक भुगतान का भी अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्य सचिव और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्य पालन अभियंता ने जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी  दशरथ सिंह राजपूत सहित जल एवं स्वच्छता मिशन के सदस्यगण उपस्थित थे।

# राज्य में अब तक धान की खरीदी का आंकड़ा 95.78 लाख मीटरिक टन से पार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदर्शी सोच और उदार फैसलों का नतीजा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के चालू सीजन में 95.78 लाख मीटरिक टन धान खरीदी का नया रिकार्ड बना है। पिछले सीजन 2020-21 में आज की स्थिति में 92.803 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी हुई थी। गत वर्ष आज के तिथि तक 20.54 लाख किसानों धान बेचा था। इस वर्ष 21.52 लाख किसानों से 95.78 लाख मीटरिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी के एवज में अब तक किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 18,305.49 करोड़ रूपए जारी कर दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि किसानों की मांग और जरूरत को ध्यान में रखते हुए किसानों की सहुलियत के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी की तिथि एक सप्ताह और बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब पंजीकृत किसानों से 7 फरवरी तक धान खरीदी की जाएगी। राज्य सरकार ने इस वर्ष 24 लाख से अधिक किसानों से 105 लाख मीटरिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप धान खरीदी के साथ ही समांतर रूप से कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव तेजी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के आह्वान पर अब तक मिलर्स द्वारा डीओ और टीओ के माध्यम से 56.51 लाख मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। छत्तीसगढ़ राज्य केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी नया रिकार्ड बनाया है। अब तक 14.90 लाख मीटरिक टन केन्द्रीय पूल में गुणवत्तापूर्ण चावल जमा करा चुके हैं। इनमें भारतीय खाद्य निगम में 8.28 लाख मीटरिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 6.62 लाख मीटरिक टन जमा चावल शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि संबंधित विभागों के अधिकारियों के समन्वय से ही यह उल्लेखनीय सफलता मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई की राज्य धान खरीदी के साथ ही केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने का लक्ष्य पूरा करेगा।

खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने आज यहां बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव भी किया जा रहा है। अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 56.51 लाख मीटरिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। वर्मा ने बताया कि 47 लाख 70 हजार मीटरिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 42 लाख 03 हजार मीटरिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 19 लाख 96 हजार मीटरिक टन धान के परिवहन के लिए टीओ जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध समितियों से 14 लाख 48 हजार मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है।

खाद्य सचिव वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के आह्वान पर मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग कर केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी नया रिकार्ड बनाया है। अब तक केन्द्रीय पूल में 14.90 लाख मीटरिक टन रिकार्ड चावल जमा कराया जा चुका है। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की शुरूआत 1 दिसम्बर 2021 से हुई है। धान खरीदी के समांतर ही खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव और कस्टम मिलिंग भी युद्ध स्तर पर जारी है। इस साल धान बेचने के लिए रिकार्ड 24 लाख से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीकृत धान का रकबा भी 30 लाख 15 हजार हेक्टेयर से अधिक है। खाद्य विभाग के सचिव वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ को इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा कराना है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए उपार्जित धान का उठाव और कस्टम मिलिंग का काम तेजी से किया जा रहा है।

# नई शिक्षा नीति युवाओं के जीवन में और शिक्षण के तरीकों में व्यापक बदलाव लाएगीः राज्यपाल

**राज्यपाल छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुई**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के स्थापना दिवस समारोह में वर्चुअल रूप से शामिल हुई। उन्होंने आयोग को 17 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे करने के लिए बधाई दी और कहा कि आयोग द्वारा निजी विश्वविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बनाये रखने के लिए सराहनीय प्रयास किए गए।



उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए लागू की गई नई शिक्षा नीति-2020 निजी विश्वविद्यालयों में शीघ्र ही लागू करने का आग्रह किया, जिससे युवाओं का समग्र रूप से विकास हो सके। सुश्री उइके ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 छत्तीसगढ़ में भी अगले सत्र से लागू की जाएगी। यह नीति युवाओं के जीवन में और शिक्षण के तरीकों में व्यापक बदलाव लाने वाली है। नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास की बात कही गई है, ताकि वह शैक्षणिक रूप से उन्नत हो और जीवन में चहुंमुखी प्रदर्शन कर सके। नई शिक्षा नीति में व्यक्तित्व विकास एवं वोकेशनल एजुकेशन पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। कार्यक्रम में निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. शिववरण शुक्ल सहित निजी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति, कुलपति वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

राज्यपाल ने कहा कि कोविड महामारी के कारण आज अध्ययन और अध्यापन के तरीकों में काफी बदलाव आया है और इससे शिक्षा की गुणवत्ता में असर पड़ने के साथ ही विद्यार्थियों के मानसिक विकास में भी परिवर्तन आया है। हमें इस ओर भी विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा सभी निजी विश्वविद्यालयों के साथ समन्वय कर एक मेंटरशिप प्रोग्राम चलाना चाहिए, जिसमें विद्यार्थियों से उनकी अभिरूचि एवं क्षमता के हिसाब से विशेषज्ञ नियमित रूप से संवाद करे और उन्हें प्रेरित करे। इससे विद्यार्थियों के कैरियर निर्माण में भी सहायता मिलेगी।

उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से आग्रह किया कि चूंकि ऑनलाईन पढ़ाई के कारण विद्यार्थियों का अधिकांश समय घर पर मोबाईल एवं लैपटॉप के साथ ही बीतता है। अत: अभिभावकों को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए कि विद्यार्थियों को इसकी लत न लगे और वे सही राह में चले। बच्चों को समय-समय पर प्रोत्साहन देते रहना चाहिए और मोटिवेशन संबंधी पुस्तकें पढ़ने के लिए भी प्रेरित करना चाहिए। युवाओं के सफल कैरियर में सहयोग देने के साथ ही उन्हें नैतिक रूप से जिम्मेदार बनाने का दायित्व अभिभावकों एवं शिक्षकों दोनों का है।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने आयोग की स्मारिका 'विद्या निलयम्' का विमोचन किया। वर्चुअल समारोह में विभिन्न निजी विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक भी शामिल हुए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान






















# 20 मई 2022 को रिलीज होगी कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 2'




बॉलीवुड की हिट फिल्म में शुमार भूल भुलैया का दूसरा पार्ट सिनेमाघरों में आने के लिए बिल्कुल तैयार है। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवानी स्टारर 'भूल भुलैया 2' की रिलीज डेट सामने आ गई है। यह फिल्म 20 मई 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

अनीस बज्मी के निर्देशन बनी इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म को फरहाद सामजी और आकाश कौशिक ने लिखा है।

टी-सीरीज और सिने वन के बैनर तले बन रही इस फिल्म को भूषण कुमार, मुराद खेतानी और कृष्ण कुमार ने निर्मित किया है। पहले इस फिल्म में 'विद्या बालन' के मंजुलिका के किरदार में लौटने की चर्चाएं थीं लेकिन इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

बता दें एस एस राजामौली की पीरियड ड्रामा 'आरआरआर' की रिलीज की तारीख 25 मार्च तय की गई है। वहीं कुछ देर पहले ही अमिताभ बच्चन की फिल्म झुंड की रिलीज डेट का भी खुलासा हुआ है। 'झुंड' 4 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हाउस पार्टी में पहुंची कंगना रनौत, एक्ट्रेस व्हाइट साड़ी में लगीं बेहद खूबसूरत



नवाजुद्दीन सिद्दकी ने मुंबई में अपना आशियाना बना लिया है. एक्टर ने घर का नाम अपने पिता को समर्पित करते हुए नवाब रखा है. हाल ही में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अपने घर पर एक पार्टी होस्ट की. जिसमें कई सितारे नजर आए. इस पार्टी में अभिनेत्री कंगना रनौत भी पहुंची थीं.

कंगना रनौत व्हाइट कलर की साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही थीं. एक्ट्रेस ने व्हाइट साड़ी के साथ सफेद नेकपीस और सफेद सैंडल को पेयर अप किया था. एक्ट्रेस ने अपने लुक को रेड लिपस्टिक के साथ कंप्लीट किया था. कंगना का ये लुक उनके फैंस को खूब पसंद आया है. कंगना और नवाजुद्दीन ने फोटोग्राफर्स को कई पोज दिए हैं. इस पार्टी में कंगना के साथ 'टीकू वेड्स शेरू' की पूरी टीम पहुंची थीं. कंगना जहां ऑल व्हाइट लुक में नजर आईं तो वहीं नवाजुद्दीन कैजुअल लुक में दिखाई दिए.

एक्ट्रेस अवनीत कौर भी ऑल ब्लैक लुक में स्टनिंग लग रही थीं. नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर साथ में 'टीकू वेड्स शेरू' में नजर आने वाले हैं.

# अमिताभ बच्चन की 'झुंड' 4 मार्च को सिनेमाघरों में देगी दस्तक, बिग बी ने साझा किया पोस्टर




अमिताभ बच्चन की बहुतप्रतीक्षित फिल्म की रिलीज डेट का आखिरकार एलान हो गया है। 'झुंड' 4 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। कोविड-19 के कारण कई बार मेकर्स को फिल्म की रिलीज की डेट पोस्टपोन करनी पड़ी। लेकिन अब आखिरकार फैंस का इंतजार खत्म हो गया है।

## अमिताभ ने दी जानकारी

अमिताभ ने फिल्म को नया पोस्टर साझा करते हुए लिखा- इस टोली से मुकाबला करने के लिए रहो तैयार, हमारी टीम आ रही है... 'झुंड' आपके नजदीकी सिनेमाघर में रिलीज होगी। यह फिल्म नागराज पोपटराव मंजुले के हिंदी निर्देशन की पहली फिल्म है। उन्हें मराठी ब्लॉकबस्टर फिल्म सैराट और फैंड्री के लिए जाना जाता है।

## विजय बरसे की कहानी पर आधारित है फिल्म

झुंड को लेकर कई बार ओटीटी रिलीज की बातें में सामने आ चुकी है। झुंड की कहानी 'स्लम सॉकर फाउंडेशन' के संस्थापक और कोच विजय बरसे की कहानी पर आधारित है। वह अखिलेश पॉल के कोच भी थे, जो स्लम सॉकर बने थे। फिल्म में अमिताभ बच्चन बिजय बरसे के रोल में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण टी-सीरीज, तांडव फिल्म्स एंटरटेनमेंट और आटपत के बैनर तले किया गया है।

## साउथ एक्ट्रेसेस की एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

# सामंथा से लेकर रश्मिका मंदाना तक, कोई साइकोलॉजी में ग्रेजुएट तो किसी के पास है मैथ्स में ऑनर्स की डिग्री

**साउथ इंडियन एक्ट्रेसेस अलग-अलग एजुकेशनल बैकग्राउंड से आती हैं। किसी ने फैशन डिजाइनिंग में डिग्री ली हुई है तो कोई मास मीडिया में ग्रेजुएट है। आज हम नजर डालते हैं साउथ की टॉप एक्ट्रेसेस की पढ़ाई-लिखाई पर...**



पुष्पा एक्ट्रेस और नेशनल क्रश का टैग हासिल कर चुकीं रश्मिका मंदाना ने कोडागु के कुर्ग पब्लिक स्कूल से स्कूलिंग की। इसके बाद उन्होंने साइकोलॉजी, जर्नलिज्म और इंग्लिश लिट्रेचर में एमएस रमैया कॉलेज ऑफ़ आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स, बेंगलुरु से ग्रेजुएशन किया।

सामंथा ने चेन्नई के होली एंजल्स इंडियन हायर सेकंडरी स्कूल से स्कूलिंग की। इसके बाद उन्होंने चेन्नई के स्टेला मेरिस कॉलेज से B.Com किया। ग्रेजुएशन के फाइनल ईयर में ही सामंथा ने मॉडलिंग की शुरुआत कर दी। उन्हें फिल्ममेकर रवि वर्मन ने देखा और अपनी फिल्म में साइन कर लिया। इसके बाद सामंथा फिल्मों में आ गईं।

फिल्म 'बाहुबली' में देवसेना का किरदार निभाने वालीं अनुष्का ने माउंट कार्मल कॉलेज, बेंगलुरु से BCA किया है। इसके अलावा वह ट्रेंड योगा इंस्ट्रक्टर भी हैं।

नयनतारा के पिता इंडियन एयर फोर्स में काम करते थे इसलिए उनकी स्कूलिंग देश के कई हिस्सों में हुई। उन्होंने जामनगर, गुजरात और दिल्ली से अपनी स्कूलिंग पूरी की। नयनतारा ने थिरुवल्ला के मार्थोमा कॉलेज से इंग्लिश लिट्रेचर में ग्रेजुएशन किया है।

पूजा हेगड़े का जन्म मुंबई में हुआ है। उन्होंने मिठीबाई कॉलेज से कॉमर्स में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। वह मिस यूनिवर्स इंडिया 2010 की दूसरी रनर अप रह चुकी हैं। उन्होंने 2012 में अपना एक्टिंग डेब्यू किया था।


काजल ने मुंबई के सेंट एनीज हाई स्कूल से पढ़ाई के बाद जय हिंद कॉलेज से 11वीं और 12वीं की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मास मीडिया में ग्रेजुएशन किया। इसमें उनका स्पेशलाइजेशन मार्केटिंग और एडवर्टाइजिंग में था ।

रकुलप्रीत की परवरिश दिल्ली में हुई है। वह दिल्ली के आर्मी पब्लिक स्कूल में पढ़ी हैं जो कि धौला कुआं इलाके में स्थित है। उनके पास दिल्ली के जीसस और मैरी कॉलेज से मैथमेटिक्स में ऑनर्स की डिग्री है।

तमन्ना भाटिया ने मुंबई के मानेकजी कपूर एजुकेशन ट्रस्ट स्कूल से पढ़ाई की। इसके बाद डिस्टेंस लर्निंग से मुंबई के नेशनल कॉलेज से B.A किया।

कीर्ति सुरेश का जन्म चेन्नई, तमिलनाडु से हुआ था। चौथी क्लास तक उनकी पढ़ाई चेन्नई में हुई। इसके बाद पट्टोम, थिरुवनंतपुरम के केंद्रीय विद्यालय से उन्होंने अपनी स्कूलिंग पूरी की। उन्होंने इसके बाद पर्ल एकाडेमी से फैशन डिजाइनिंग में डिग्री ली।

# तेजी से फैट घटाने में मददगार हैं ये चीजें, इन्हें लिस्ट में जरूर शामिल करें



वजन का बढ़ना आजकल की कॉमन समस्या है. इसके कारण कई तरह की बीमारियां समय से पहले इंसान को घेर लेती हैं. वजन घटाने के लिए लोग कई तरह के तरीके अपनाते हैं, लेकिन अगर आपको वास्तव में अपना वजन कंट्रोल करना है तो खानपान पर कंट्रोल करना सीखिए. हमारा गलत खानपान फैट जमा होने की सबसे बड़ी वजह है. इसके लिए बाहरी जंकफूड, फास्टफूड, चिकनाईयुक्त चीजें खाना कम करें और लो कैलोरी फूड को अपनी डाइट में शामिल करें. यहां जानिए उन चीजों के बारे में जो आपके वजन को नियंत्रित करने में मददगार मानी जाती हैं.

## पीनट बटर

अगर आप बटर खाने की शौकीन हैं और मोटापा बढ़ने के डर से डाइट को कंट्रोल करके रखना पड़ता है तो पीनट बटर को डाइट में शामिल करें. पीनट बटर खाने में काफी स्वादिष्ट भी होता है और लो कैलोरी वाला है. इसे आप सुबह नाश्ते में आप ओटमील या ब्राउन ब्रेड के साथ ले सकते हैं. ये वजन भी घटाएगा और शरीर को जरूरी पोषक तत्व भी दे देगा.

## अंडे

अंडा प्रोटीन से भरपूर होता है और पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है. इसे खाने से पेट काफी देर तक भूख नहीं लगती. ऐसे में आप सुबह के समय इसे नाश्ते में ले सकते हैं. अंडा आपके शरीर के लिए भी फायदेमंद है और आपको ओवरईटिंग से भी बचाता है. ऐसे में आपका वजन कंट्रोल रहता है.

## ओटमील

ओटमील फाइबर से भरपूर होता है और कार्ब्स का भी अच्छा स्रोत होता है. लेकिन फिर भी ये आपके वजन को नियंत्रित करने में उपयोगी है. नाश्ते में ओटमील खाने से लंबे समय भूख नहीं लगती है और काफी समय तक शरीर में एनर्जी भी बनी रहती है. ऐसे में आप ओटमील को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं.

## बीज

शीशम, चिया, फ्लैक्स, कद्दू के बीज आदि भी वजन को नियंत्रित करने वाले माने जाते हैं. ये आपके शरीर की कमजोरी को दूर करते हैं और एनर्जी को भी मेंटेन रखते हैं.

## ये चीजें भी उपयोगी

आप अपनी डाइट में गेहूं, सोया, बाजरा, ज्वार, रागी और ब्राउन राइस को शामिल करें. इनमें फाइबर भरपूर मात्रा में होता है, साथ ही ये चीजें काफी पौष्टिक होती हैं. इन्हें खाने से पेट काफी समय तक भरा रहता है और मोटापा कम होता है.

# लंबे और खूबसूरत नाखून पाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

लंबे, खूबसूरत और मजबूत नाखून लगभग हर महिला को पसंद होते हैं. आपके नाखून अगर सही शेप में हों और मजबूत हो तो ये आपके हाथों की सुंदरता बढ़ाते हैं. आजकल महिलाएं खूबसूरत नाखूनों के लिए तरह - तरह के नेल आर्ट करती हैं. इससे आपके नाखून बहुत खूबसूरत भी लगते हैं लेकिन ये आपके नाखूनों के लिए नुकसानदायक होते हैं. ये आपके नाखूनों को कमजोर करते हैं और नाखूनों की ग्रोथ को रोकते हैं. इसलिए अधिक नेल आर्ट भी आपके नाखूनों के लिए हानिकारक हो सकता है. कई बार नाखून हॉर्मोनल कारणों और पोषण की कमी के कारण भी काफी टूटते हैं. ऐसे में मजबूत और लंबे नाखूनों के लिए हेल्दी डाइट के साथ आप ये टिप्स भी फॉलो कर सकते हैं.

**नींबू का रसः-** नींबू विटामिन सी से भरपूर होता है. आपके नाखून को बढ़ाने में मदद करता है. इसके लिए आप दिन में एक बार उंगलियों के नाखूनों और पैर के नाखूनों पर नींबू के रस से मसाज कर सकते हैं. इससे 5 मिनट तक मसाज करें. इसके बाद हल्के गर्म पानी से धो लें. ये आपके नाखूनों को बढ़ाने में मदद करेगा. इन्हें साफ रखेगा और बैक्टीरिया से भी मुक्त रखेगा.

**नारियल के तेल से मसाजः-** अपने नाखूनों को बढ़ाने के लिए गर्म नारियल तेल की मसाज कर सकते हैं. नारियल के तेल में विटामिन ई होता है. ये एंटीऑक्सीडेंट का एक बड़ा स्रोत है. आप रात को सोने से पहले नाखूनों की नारियल तेल से मसाज कर सकते हैं.

**संतरे का रसः-** संतरे कोलेजन उत्पादन में मदद करता है. ये नाखूनों को मजबूत और बढ़ाने में मदद करता है. संतरे के एंटीऑक्सीडेंट गुण किसी भी तरह के संक्रमण को दूर रखते हैं. इसके लिए एक कटोरी में संतरे का रस लें और अपने नाखूनों को लगभग 10 मिनट के लिए इस रस में भिगो कर रखें. इसके बाद हल्के गर्म पानी से धो लें और नाखूनों को मॉइस्चराइज करें. दिन में एक बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं.

**जैतून का तेलः-** अगर आपके नाखून बार-बार टूटते हैं तो आप जैतून के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं. ये ब्लड सर्कुलेशन में मदद करता है. ये नाखूनों को मजबूत बनाता है और नाखूने को बढ़ाने में मदद करता है. इसके लिए थोड़ा वर्जिन ऑलिव ऑयल गर्म करें. इससे नाखूनों और क्यूटिकल्स पर 5 मिनट तक मसाज करें. अपने हाथों को दस्ताने से ढकें और रात भर के लिए छोड़ दें.

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026, 8962815243



























## खास खबर

### केन्द्रीय बजट के समर्थन में भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने मिठाई वितरित कर मनाई खुशी

**रायपुर।** केन्द्रीय बजट-2022-23 के समर्थन में भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने आज मिठाईयां वितरित कर खुशियां मनाई। झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ रायपुर शहर संयोजक राजेश गुप्ता ने बताया कि संसद में आज केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा बजट 2022-23 पेश किया गया। उन्होंने इस बजट को लोक कल्याणकारी व जनहितकारी बजट बताया है। इस बजट के समर्थन में आज दोपहर में झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ शहर द्वारा रायपुर के लाखेनगर चौक पर आम नागरिकों को मिठाई वितरित कर खुशियां मनाई और बजट-2022 के विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दी। नागरिकों ने भी इस जनकल्याणकारी बजट की सराहना की। इस अवसर पर भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक महेन्द्र पण्डित, प्रदेश सह संयोजक संजू नारायण, विकास अग्रवाल, सचिन सिंघल, रविश गुप्ता, मनोज जोशी, जय केसवानी, महेंद्र सिंह, देवेन्द्र सिंह चावला, धर्मेश वर्मा, विकी शर्मा, आशुतोष दुबे, सुब्रतो हलधर, गिरजा शंकर कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बेरोजगारों, गृहणियों और आम आदमी की अपेक्षाओं को निराश करने वाला बजट - छाया वर्मा

**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी की राज्य सभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा ने आम बजट 2022 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट महंगाई और रोजगार के मोर्चे पर अत्यधिक निराशाजनक है। इस बजट में मध्यम वर्ग और आम आदमी के लिए सहुलियतें न के बराबर हैं। कोरोना काल में बेरोजगारी, महंगाई, इलाज के खर्चों से लोग बेहाल हैं और सरकार डिजिटल करेंसी के सपने दिखा रही है। यह बात लोगों के खाते में 10 लाख रूपए आने वाली बात जैसी ही है। केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में बेतहाशा बेरोजगारी है, जो नोटबंदी के समय से प्रारंभ हुई और कोरोना काल में यह चरम पर पहुंच चुकी है पर सरकार उदासीन हैं। निजी क्षेत्र से लगातार लोगों की नौकरियां जा रही है, पर सरकार तमाशबीन है। लोगों को आशा थी कि इस आम बजट में सरकार बेरोजगारी के मोर्चे पर कुछ सार्थक कदम उठाएगी, लेकिन सरकार बेरोजागरों के हित में कदम नहीं उठाया है, जो धरातल पर दिखे। इस बजट में इनकम टैक्स के मोर्चे पर कोई राहत नहीं मिली है और इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका साफअर्थ है कि टैक्स के रूप में जाने वाली पूंजी पर कोई बचत नहीं मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि किसानों को डिजिटल सेवाएं दी जाएंगी और भारत में गरीबी मिटाने के लक्ष्य पर पुरजोर रूप से कार्य किया जाएगा। डिजिटल तरीके से गरीबी दूर करने का सरकारी मंसा हवाई प्रतीत हो रहा है। इसी प्रकार क्रिफ्टों करेंसी की नई बात सरकार द्वारा बजट में रखी गई है।

# मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से आत्मनिर्भर बनाने प्रदान की जाएगी प्रोत्साहन राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर। योजनान्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिक के दो अविवाहित पुत्रियों को सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जायेगा। जिसका उपयोग हितग्राही की पुत्री अपने शिक्षा, रोजगार अथवा स्वरोजगार को बेहतर करने पुत्री के विवाह हेतु किया जा सकेगा। योजनान्तर्गत पात्र हितग्राही अविवाहित पुत्रियों को 20,000 हजार प्रोत्साहन, सहायता राशि डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे पुत्री के खाते में स्थानांतरित की जावेगी।**



श्रम विभाग अन्तर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा पंजीकृत हितग्राहियों के लिए नवीन योजना मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना बनाई गई है। जिसकी घोषणा माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 26 जनवरी 2022 को की गई थी। योजना के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के दो अविवाहित पुत्रियों को सशक्त तथा आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रोत्साहित करने हेतु सहायता राशि 20,000 हजार रूपये का भुगतान एकमुस्त हितग्राही के पुत्री के खाते में देय होगी।

### योजना हेतु पात्रता

लड़की के पिता या माता अथवा दोनों कम से कम एक वर्ष की अवधि से मण्डल में निर्माण किसी भी मण्डल में पंजीकृत ना हो। पंजीकृत निर्माण श्रमिक के केवल दो पुत्री प्रोत्साहन राशि के लिए पात्र होंगे। पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्री की आयु न्यूनतम 18 वर्ष पूर्ण हो तथा 18 वर्ष 06 माह से अधिक ना हो तथा वह अविवाहित हो। पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्री कम से कम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण हो । पंजीकृत निर्माण श्रमिक की पुत्री के नाम से जीवित बैंक खाता हो। आवेदन की तिथि से पूर्व के एक वर्ष की अवधि में हितग्राही कम से कम 90 दिन निर्माण श्रमिक के रूप में कार्यरत रहा हो। प्रोत्साहन राशि भुगतान हेतु हितग्राही के निर्माण श्रमिक होने के सत्यापन तथा आवेदक द्वारा आवेदन में दी गई जानकारी के संबंध में स्व-घोषणा पत्र अनिवार्य होगा। जिन लड़कियों के लिए हितग्राहियों को पूर्व में मण्डल अन्तर्गत संचालित मिनीमाता कन्या विवाह योजना, राजमाता विजयाराजे कन्या विवाह योजना सहायता राशि प्राप्त हो चुकी है, वह इस योजना हेतु अपात्र होंगे।

### योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया

आवेदक किसी भी च्वाईस सेंटर अथवा जिला श्रम कार्यालय के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकता हैं। आवेदन ऑनलाईन हेतु आवश्यक दस्तावेज हितग्राही के जीवित श्रमिक पंजीयन परिचय पत्र, हितग्राही की पुत्री का आधार कार्ड की प्रति, हितग्राही की पुत्री के बैंक पासबुक की प्रति, हितग्राही की पुत्री की आयु 18 वर्षे पूर्ण होने के संबंध में (जन्म प्रमाण पत्र अथवा 10वीं की अंकसूची) प्रमाण पत्र की प्रति, हितग्राही की पुत्री के कक्षा 10वीं उत्तीर्ण करने की अंक तालिका, जो राजकीय अथवा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शासकीय, निजी विद्यालय द्वारा जारी की गई हो, की प्रति तथा नियोजन प्रमाण पत्र एवं स्व. घोषणा प्रमाण पत्र की प्रति । जिले के पात्र हितग्राही योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ जिला श्रम कार्यालय सूरजपुर में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# केन्द्रीय बजट में शहरी विकास में मूलभूत परिवर्तन के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव



श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली।(पीआईबी) केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने संसद में 2022-23 का बजट प्रस्तुत करते हुए शहरी क्षेत्र की नीतियों, क्षमता सृजन, नियोजन, क्रियान्वयन, प्रशासन के बारे में सिफारिशें करने के लिए जाने-माने शहरी नियोजकों, शहरी अर्थशास्त्रियों तथा संस्थानों की एक उच्च स्तरीय समिति बनाने का प्रस्ताव किया है, ताकि शहरी विकास में मूलभूत परिवर्तन लाया जा सकें।**

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि शहरी नियोजन का सामान्य दृष्टिकोण जारी नहीं रखा जा सकता, क्योंकि भारत के @100 पर पहुंचने तक हमारी लगभग आधी आबादी शहरी क्षेत्रों में रहने लगेगी। इसकी तैयारी के लिए व्यवस्थित शहरी विकास महत्वपूर्ण है। इससे देश की आर्थिक क्षमता का उपयोग किया जा सकेगा, जिसमें जनसांख्यिकीय लाभ के लिए आजीविका संबंधी अवसर भी आते हैं। इसके लिए एक ओर जहां हमें मेगा-सिटीज के पोषण की जरूरत है, आस-पास के क्षेत्रों को आर्थिक विकास के वर्तमान केन्द्रों के रूप में विकसित करने की आवश्यकता हैं वहीं दूसरी ओर हमें टायर-2 तथा टायर-3 शहरों में सुविधा प्रदान किए जाने की जरूरत है, जिससे कि इनको भविष्य के लिए तैयार किया जा सके। वित्त मंत्री ने कहा कि हमें अपने शहरों को जीवन के दीर्घकालिक मार्गों के केन्द्र के रूप में देखने की आवश्यकता है, जिसमें सभी के लिए विशेषकर महिलाओं और युवाओं के लिए अवसर उपलब्ध हों।

# बच्चों को सुरक्षा देने का अभियान 4 तक कर सकते हैं आवेदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के अध्यक्ष व जिला सत्र न्यायाधीश विनय कुमार कश्यप के निर्देशन में प्राधिकरण द्वारा कोविड-19 से पीड़ित लोगों के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कोविड संक्रमण से अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवाशीष ठाकुर ने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा गौरव कुमार बंसल विरूद्ध यूनियन ऑफइंडिया में पारित आदेश में दिये गये दिशा-निर्देशानुसार ऐसे बच्चे जो कोरोना महामारी में अपने माता-पिता को खो चुके हैं, ऐसे बच्चों को चिन्हांकित कर उसकी सूची तैयार किये जाने संबंधी निर्देश प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को लोकपाल बनाया गया है एवं इस संबंध में राज्य शासन से चिन्हांकित प्रकरणों की जानकारी मांगी गई है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि ऐसे बच्चे जिन्होंने कोविड महामारी से अपने माता-पिता दोनों को खो दिया है, उन्हें निःशुल्क शिक्षा एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए चिन्हांकित किया जाएगा। ऐसे बच्चों की जानकारी 4 फरवरी तक जिला न्यायालय परिसर पर स्थित वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र (एडीआर भवन), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव न्याय सदन में दी जा सकती है। इस प्रकार के बच्चों को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत देखभाल और सुरक्षा की जाएगी। इन बच्चों को किशोर न्याय अधिनियम 2015 के धारा 31 के तहत जिले की बाल कल्याण समिति के सामने पेश करना होगा।

### केंद्रीय बजट एक संतुलित आर्थिक दस्तावेज - चेम्बर ऑफ कामर्स एवं इंडस्ट्रीज

# छोटे व्यापारियों को निराशा, वहीं सड़क, रेल, एमएसएमई और मेक इन इंडिया सहित अन्य परियोजनाओं से बढ़ी उम्मीदे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आम बजट पर छत्तीसगढ़ चेम्बबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) छत्तीसगढ़ चेप्टर के चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौबे ने बताया कि यह बजट छोटे व्यापारियों के लिए निराशाजनक रहा, लेकिन दीर्घकालीन प्रावधानों की वजह से इस बजट से बेहतर दूरगामी परिणाम मिल सकते हैं।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष व कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट एक संतुलित आर्थिक दस्तावेज है प्रतीत हो रहा है। हालांकि इससे छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत नहीं मिली है। कैट ने ई-कॉमर्स पॉलिसी को लेकर लगातार मजबूत कानून की मांग की थी, वहीं जीएसटी के सरलीकरण के साथ ही आयकर स्लैब में इजाफे का प्रस्ताव सौंपा गया था। इन सब में निराशा हाथ लगी है, लेकिन बाकी प्रावधानों से उम्मीद है कि इससे देश की अर्थव्यवस्था में दूरगामी परिणाम देखने को मिल सकता है। परवानी ने कहा की हमें खेद है कि जीएसटी कर ढांचे के सरलीकरण और युक्तिकरण के संबंध में कुछ भी ठोस घोषणा नहीं की गई है जो ''एक बाजार-एक कर'' के सिद्धांत के विपरीत है और व्यापारियों के लिए उन्हें आयकर के सम्बंधित कॉर्पोरेट क्षेत्र के बराबर रखने की भी कोई घोषणा नहीं की गई है एवं इसके साथ ही ई कॉमर्स में छाए मनमाने पर भी कोई बात न कहने से देश भर के व्यापारियों में बहुत निराशा है । युवाओं में बढ़ते उत्साह को देखते हुए डिजिटल करेंसी और क्रिप्टो मुद्रा को इस बजट में प्राथमिकता पर लिया गया है साथ ही 2 लाख आंगनबाडी और डिजिटल बैंकिंग का डिजिटलीकरण ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर तरीके से जोड़ेगा तथा उनके जरिये बाजार में पैसा आने की संभावनाएं बढ़ेंगी एवं 5 लाख करोड़ रुपये के साथ ईसीजीएल योजना के विस्तार, पीएलआई योजना को विभिन्न क्षेत्रों से जोडने सहित कई नई घोषणाओं से ना केवल छोटी विनिर्माण इकाइयों को लाभ होगा।

# अमीरी और गरीबी असमानता बढ़ाने वाला और देश की अर्थव्यवस्था को गर्त में ले जाने वाला बजट - मोहन मरकाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि इस बार के बजट ने भी प्रमाणित किया है कि मोदी सरकार की प्राथमिकताओं में केवल चंद पूंजीपतियों का हित है। सूटकेस से पोटली और पोटली से डिजिटल बजट, फोकस केवल कॉर्पोरेट के मुनाफे पर।**



पूंजीपतियों को राहत देने कार्पोरेट टैक्स 18 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत और टैक्स पर सरचार्ज 12 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत किया गया है लेकिन आम आदमी के लिये इंकम टैक्स स्लेब में कोई राहत नही। मोदी सरकार के आज के इस दसवे बजट में भी आयकर एक्जंम्प्शन लिमिट एक रूपये भी नही बढ़ाया गया हैं। यूपीए सरकार के समय से ही 2.5 लाख की लिमिट थी जो आज तक यथावत है। आयकर स्लैब में छूट की उम्मीद आम करदाता को थी, लेकिन यहा भी मोदी सरकार ने निराश किया। बजट 1 साल के लिये होता है फिर से 25 साल का झांसा कोरी लफ्फाजी के सिवाय कुछ भी नही। इस बार भी आम जनता को बजट में कुछ नही मिला। आज के बजट से किसानों, महिलाओं, युवा, बेरोजगारों, और आम जनता में घोर निराशा है। पिछले बजट में महिलाओं के पोषण, किसानों के खाद ,बीज पर दी जाने वाली सब्सिडी घटाया गया था इस बार भी कोई राहत नही। ऑर्गेनिक खेती केवल गंगा के किनारे 5 किलोमीटर दायरे तक सीमित होना प्रमाणित करता है कि भाजपा चुनावी मोड से बाहर नही आ पर रही है। छत्तीसगढ़ में गोठानों के माध्यम से संचालित वर्मी कंपोस्ट और सुपर कंम्पोस्ट को प्रोत्साहित करने की योजना पूरे देश के लिये लागू किया जाना चाहिये। ई लर्निंग, ई बैंकिंग, किसानों को डिजिटल सर्विस केवल झांसा है, असलियत में सुविधा बढ़ाने के बजाय इंटरनेट की दरे लगातार बढ़ाई जा रही है। आज के बजट में घोषित सिंचाई परियोजना में छत्तीसगढ़ शामिल नही। ना ही छत्तीसगढ़ के लिये कोई बड़ी योजना है। फिर एक बार केन्द्र सरकार का छत्तीसगढ़ के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया खुलकर सामने आ गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि फ्यूल का महंगाई में योगदान 2.3 प्रतिशत से बढ़कर 14.9 प्रतिशत मोदी की अनियंत्रित मुनाफाखोरी का प्रमाण है। मोदी राज के विगत 7 वर्षो में डीजल पर 10 गुना सेंट्रल एक्साइज वृद्धि की गयी है, आज के बजट में फ्यूल पर कोई राहत नही दी गयी। मानसिक स्वास्थ्य योजना के लिये कोरोना राहत पैकेज और विगत बजट में ''मनोदर्पण'' कार्यक्रम की घोषणा तो की गयी थी परंतु लागू नही किया, अब फिर से नया जुमला। मिलेट मिथन छत्तीसगढ़ में पहले से ही संचालित है। किसानों को एमएसपी की गारंटी पर मोदी सरकार मौन है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि आज का केन्द्रीय बजट बिना किसी रोडमैप के बिना किसी ब्लू प्रिंट और बिना किसी फ्रेमवर्क के द्वारा बनाया गया है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में टास्क फोर्स समिति की बैठक

महासमुंद। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। कलेक्टर ने कहा कि अवैध रेत उत्खनन करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।








































## खास-खबर

### मेडिकल ऑफिसर्स की परिवीक्षा अवधि तीन वर्ष करने के खिलाफ याचिका

**बिलासपुर (ए)।** चीफ जस्टिस की डीबी ने विज्ञापन में दिए गए वेतनमान के नियमों व शर्तों का पालन नहीं करने, मेडिकल ऑफिसर्स की परिवीक्षा अवधि दो से बढ़ाकर तीन वर्ष किये जाने के खिलाफ पेश याचिका में सचिव सामान्य प्रशासन, सचिव वित्त सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

आठ मई 2020 को डायरेक्टरेट ऑफ मेडिकल सर्विस छत्तीसगढ़ शासन ने मेडिकल ऑफिसर्स के 208 रिक्त पदों में सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया था। इसमें उनका वेतनमान 15600 से 39100 निर्धारित किया गया था। साथ ही यह भी कहा गया कि मेडिकल ऑफिसर्स पे लागू होने वाले नियम छत्तीसगढ़ मेडिकल ऑफिसर्स (राजपत्रित) सर्विस भर्ती नियम 2013 है, परंतु भर्ती प्रक्रिया समाप्ति व नियुक्ति के ठीक पहले उम्मीदवारों को संशोधित आदेश दिया गया कि उनका वेतन अब वित्तीय आदेश 21/2020 छत्तीसगढ़ सिविल सर्विसेस (जनरल कंडिशन आफ सर्विस) रूल्स 1961 व फंडामेंटल रूल्स में संशोधन के अनुरूप दिया जाएगा। साथ ही परिवीक्षा अवधि दो के बजाय तीन वर्ष की गई। अवधि के प्रथम वर्ष वेतन का 70 प्रतिशत, दूसरे वर्ष 80 प्रतिशत व तीसरे वर्ष 90 प्रतिशत दिया जाएगा। इसके खिलाफ निकिता गुप्ता ने अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी व हर्षमंदर रस्तोगी के माध्यम से हाई कोर्ट में रिट अपील पेश की है। 31 जनवरी को चीफ जस्टिस अरुप कुमार गोस्वामी व जस्टिस एनके चंद्रवंशी की डीबी में सुनवाई हुई। कोर्ट ने छत्तीसगढ़ शासन, वित्तीय सचिव, सचिव सामान्य प्रशासन, स्वास्थ्य संचालक सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सभी पक्षों का जवाब आने के बाद मामले में अगली सुनवाई की जाएगी।

### उप निरीक्षक पर हमला का आरोपित पकड़ा गया

**बिलासपुर (ए)।** गौरेला थाने के उप निरीक्षक पर हमला के आरोपित को पुलिस ने पकड़ लिया। उसके पास से हथियार जब्त किया गया। गौरेला में 26 नवंबर को शिकायत जांच के दौरान उप निरीक्षक सुजान जगत ग्राम लालपुर हर्री की तरफगया था। ग्राम हर्री में अपराध एवं शिकायत की जांच कर वापस थाना मेनरोड होकर आ रहा था तभी ग्राम हर्री लालपुर के बीच जावेद खान के मकान के पास पहुंचा कि जावेद खान पिता जावाद खान अपने घर के सामने मेनरोड पर खड़ा हुआ मिला। उसे देखकर रूका तो जावेद खान मोटर साइकिल का चाबी को छीन लिया और गालियां देते हुये जान से मार डालने की नियत से अपने हाथ में रखे धारदार तलवार से सिर में मार दिया।हाथ से रोकने पर सिर एवं बायें कान में चोट आई। मामले में रिपोर्ट पर दर्ज कराया गया था।

### 42 पाव अवैध शराब के आरोपित पकड़ा गया

**मुंगेली।** थाना फास्टरपुर परिक्षेत्र में पुलिस ने 42 पाव अवैध शराब जब्त किया। थाना क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री की शिकायत मिल रही थी। मामले में एसपी डीआर आंचला के निर्देश पर एसडीओपी सालिक राम घृतलहरे अवैध शराब, जुआ, सट्टा एवं अन्य नशीले पदार्थों के पतासाजी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की गोरखपुर मार्ग पर एक व्यक्ति के पास एक बैग में अवैध शराब है।

पुलिस ने गोरखपुर मार्ग में ठेलका निवासी शंकर जोशी पिता जोहन लाल जोशी के पास 42 नग देशी प्लेन शराब जब्त किया। पुलिस ने धारा 34-2 ,59 के तहत कार्रवाई की गई।

पुरानी रंजिश में डेयरी संचालक की हत्या

# चार लोगों ने मिलकर धारदार हथियार से गला रेतकर की हत्या

**दुर्ग (ए)।** दुर्ग जिले में मंगलवार शाम 26 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि कई साल पहले मृतक राकेश यादव का बेनू साहू के साथ काफी बड़ा झगड़ा हुआ था। बीनू के ऊपर जानलेवा हमला करने के चलते राकेश धारा 307 का आरोपी बना और उसे जेल भेज दिया गया था। चार महीने पहले ही वह जेल से बाहर आया था। तभी से बेनू राकेश की हत्या की साजिश रच रहा था। मामला छावनी थाना क्षेत्र का है।



छावनी टीआई विशाल सोम ने बताया कि राकेश यादव श्याम नगर का रहने वाला था। वह डेयरी संचालित करता था। राकेश 4 माह पहले जेल से सजा काटकर बाहर आया था। उसके बाद से ही पुरानी रंजिश को लेकर बेनू साहू ने जितेंद्र साहू, जागेश्वर साहू और बिकेश साहू के साथ मिलकर राकेश को मारने का प्लान बनाया था। वह काफी दिनों से उसे अकेला पाने के लिए उसका पीछा कर रहे थे। मौका पाते ही चारों ने मिलकर वारदात को अंजाम दे दिया।

### एक गिरफ्तार, 3 फरार

मंगलवार शाम करीब साढ़े 6 बजे राकेश बाइक में शराब लेकर अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह सुंदर नगर तालाब चर्च के पास पहुंचा उसे चारों आरोपियों ने रोका। इससे पहले की राकेश संभल पाता उन्होंने उसके गले में धारदार ब्लेड या चाकूनुमा हथियार से वार कर दया। गला कटते ही राकेश वहीं पर ढेर हो गया और आरोपी वहां से भाग गए। आस पास मौजूद लोगों ने खून से लथपथ राकेश को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तो वहीं तीन फरार हैं। उनकी पताशाजी की जा रही है। हलांकि पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम नहीं बताया है।

हथखोज में पार्षद सूरज बंछोर की तरह यहां भी थाना प्रभारी की दमदार पुलिसिंग का सच सामने आ गया। जब पुलिस अधिकारियों ने टीम भेजकर फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए सर्चिंग अभियान चलाया तो कैंप एरिया में बड़े पैमाने पर अवैध शराब बिकने और सट्टा पट्टी खिलाए जाने के कारोबार से पर्दा हटा। आईजी ओपी पाल और एसएसपी बीएन मीणा बार-बार थाना प्रभारियों को जुआ सट्टा और अवैध शराब की ब्रिकी बंद करने का निर्देश दे रहे हैं, लेकिन थाना प्रभारी उनके आदेश का पालन नहीं कर रहे।

### अवैध शराब बिक्री के चलते होते हैं झगड़े

अवैध शराब बिक्री होने से मोहल्ले में आए दिन लोगों के बीच झगड़े होते रहते हैं। बताया जा रहा है कि मंगलवार दोपहर में राकेश यादव यहां शराब लेने आया था। यहां उसका किसी से झगड़ा भी हुआ था। इसके बाद जब वह शाम को फिर से शराब खरीदकर बाइक से अपने घर जा रहा था तो चार लोगों ने उसके ऊपर जानलेवा प्रहार किया। अब उसने कहां से अवैध शराब खरीदी और उसका किससे झगड़ा हुआ इस बारे में पुलिस जांच कर रही है।

# स्कूटी में पांच सवारी, ट्रैफिक नियमों का अवहेलना करने का वीडियो वायरल



**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर में खुलेआम स्कूटी पर 5 युवक बैठकर जा रहे थे। यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते इन लोगों का वीडियो वायरल होने के बाद यातायात विभाग जांच में जुटा है। दो महीने पहले बाइक पर चार युवको के बैठकर चिल्लाते हुए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने सभी से जुर्माना वसूला था।

रायपुर में अक्सर तेज रफ्तार बाइक चलाने, बाइक पर स्टंट करने और दो पहिया वाहन पर दो लोगों की बैठने के नियमों की अवहेलना आम बात हो गई है। यातायात पुलिस रायपुर के चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद इन लोगों के वाहनों के नंबर को दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। इसके बाद भी दो पहिया पर यातायात नियमों की अवहेलना से बाज नहीं आ रहे हैं। स्कूटी पर पांच लोगों के बैठकर चलने की तस्वीरें और वीडियो राजधानी रायपुर में शहर के बीच सिविल लाइन में रोड पर देखने को मिला है। किसी ने अपने कैमरे में कैद किया है ये वीडियो और फोटो साफ बताता हैं कि लोगों को खुद की और अपनों की परवाह कितनी है।

अगर हम बात करे कार की तो एक आम कार में 5 लोगों के बैठने की जगह होती है और अगर थोड़ा जुगाड़ के जरिए कोशिश की जाए तो 6 लोग आराम से बैठ जाते हैं, लेकिन बाइक पर आप कितना भी एडजस्ट कर लो 5 आदमी को बैठाकर अपनी मोटरसाइकिल चलना आसानी से नहीं चला सकते है, लेकिन राजधानी रायपुर में यह वाली घटना नही इसके पहले भी एक बाइक में 5 बच्चे करतब दिखाते तेलीबांधा रिंग में घूमते दिखे। जिसका विडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल हुआ था।

बिलासपुर में पिता की शर्मनाक करतूत

# 5 साल से बेटी के साथ कर रहा था दुष्कर्म जान से मारने देता था धमकी, गिरफ्तार



**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में अपनी ही मासूम बेटी को हवस का शिकार बनाने वाले पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिता 11 साल की अपनी बेटी को डरा-धमकाकर पांच साल तक दुष्कर्म करता रहा। शासकीय संस्थान में काम करने वाली मां को पिता की हरकतों पर शक हुआ, तब उसकी बेटी ने आप बीती बताई। मामला सामने आने पर मां अपनी बेटी को लेकर थाने पहुंची थी। पूरा मामला कोनी थाना क्षेत्र का है।

टीआई सुनील तिर्की ने बताया कि 15 वर्षीय लड़की 11वीं कक्षा में पढ़ती है। उसका पिता रोजी-मजदूरी करता है और मां गर्वमेंट संस्थान में काम करती है। लड़की जब 11 साल की उम्र की थी, तब से उसका पिता उसके साथ गंदी हरकतें करता था। तब मासूम बच्ची को उसने जान से मारने की धमकी देकर डराया-धमकाया और अपनी मां को कुछ भी बताने से मना किया था। डर के चलते पांच साल तक छात्रा अपने पिता के शारीरिक शोषण का शिकार होती रही।

बताया गया बेटी धीरे-धीरे कर बड़ी हुई, तब उसके पिता उसे घर से बाहर जाने से मना करते थे। डर के कारण बच्ची खेलने के लिए बाहर भी नहीं जा पाती थी। बड़ी होने के बाद भी आरोपी पिता उसे घर में रहने पर मजबूर करता था। इस दौरान उसकी मां ड्यूटी पर रहती थी। ये सब काफी दिन तक चलता रहा, बेटी के बाहर नहीं निकलने पर उसकी मां को उस पर शक हुआ। तब उसने अपनी बेटी को सच्चाई बताने का दबाव बनाया और उन्हें छोड़कर अकेली रहने की धमकी दी। मां के सख्त रुख को देखकर बेटी सहम गई और पिता की करतूतों की कहानी बताई।

मामला सामने आने पर उसकी मां उसे लेकर कोनी थाना पहुंची, जहां उसने पूरी घटना की जानकारी दी। छात्रा का बयान दर्ज कर पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ सोमवार को केस दर्ज किया और मंगलवार को आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

# पिकअप ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक की मौत

**दुर्ग (ए)।** दुर्ग में एक तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार तीन लोगों में एक की मौके पर ही मौत हो गई। दो लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वहां से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

उतई पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार-मंगलवार देर रात धान संग्रहण केन्द्र सेलूद की है। गोडपेन्ड्री के मातापारा निवासी विश्राम निषाद (50 ) ने थाने में दुर्घटना की शिकायत दर्ज कराई है। उसने शिकायत में बताया कि उसका बेटा उमाशंकर निषाद अपने दोस्त राहुल यादव और किरण कुमार निषाद के साथ बाइक सीजी 07 ओएम 7088 पर सवार होकर ग्राम गोड़पेन्ड्री से सामान लेने सेलूद जा रहा था। वह जैसे ही सेलूद आमारोड धान संग्रह केन्द्र के पास पहुंचे थे कि सामने उतई तरफ से पाटन की ओर जा रही अज्ञात पिकअप के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते बाइक को टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में उमाशंकर के दोस्त राहुल यादव (27) की मौके पर ही मौत हो गई। उमाशंकर (26) के दोनो पैर का घुटना, बांए हाथ की कोहनी में फ्रैक्चर आया और किरण कुमार निषाद (26 वर्ष) के दाहिने हाथ की कोहनी, पंजा फ्रैक्चर हो गया है। दोनों घायलों को सेलूद अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पंचनामा कार्रवाई के बाद राहुल का शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ धारा 279, 304ए, 337 के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

### होटल व्यापारी सड़क हादसे में घायल

पुलगांव थाना अंतर्गत ग्राम चंदखुरी नवासी गिरीश कुमार सिन्हा (30) ने शिकायत किया है कि वह बालोद से दुर्ग मार्ग पर वन विभाग नाका के पास होटल संचालित करता है। उसका बड़ा भाई भूवन लाल सिन्हा दुर्ग से बाइक में सवार होकर घर चंदखुरी आ रहा था। दुर्ग बालोद मार्ग पर सीएसआईटी कॉलेज कोलिहापुरी के सामने बालोद की तरफ से आ रहे ट्रक चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से भूवन सड़क के किनारे गिरा और उसकी बाइक ट्रक में फंसकर काफी दूर तक घसीटती हुई चली गई। अगर भूनर बाइक में फंसता तो उसकी जान चली जाती। दुर्घटना में भूवन के कमर और परों में गंभीर चोटें आई हैं।

# अवैध रेत उत्खनन पर दस वाहन पर कार्रवाई

**बिलासपुर (ए)।** गौरेला - पेंड्रा - मरवाही जिले भर में तीन थाना और एक चौकी में पुलिस अवैध उत्खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। सोमवार को लगातार तीसरे दिन अवैध रेत परिवहन के मामला दर्ज किए गए। अभी तक कुल दस गाड़ियों के विरुद्ध जब्त की कार्रवाई की गई है। इसमें दो वाहन पर ओवरलोड एक वाहन बिना परमिट के कार्रवाई की गई। मामले में 58,हजार रुपये की जुर्माना की वसूली की गई है।

जिले में अवैध रेत परिवहन के मामले में जिले के तीनों पुलिस थाना और एक चौकी पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा के मार्गदर्शन में जिले के यातायात विभाग की टीम ने पुनः अवैध रेत परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर पर कार्रवाई की। साथ ही एक हाइवा वाहन पर बिना परमिट माल ढोने पर कार्रवाई करते हुए 10,हजार रुपए चालान की गई। विदित हो कि बीते चार दिनों में पुलिस लगातार अवैध रेत परिवहन, ओवर लोड और अन्य वाहनों पर काईवाई कर रही है। दो ओवर लोड वाहनों पर गौरेला थाना प्रभारी युवराज तिवारी और यातायात प्रभारी सूबेदार विकास नारंग ने 48,हजार रुपये के समन शुल्क काटा था।

इसके अलावा थाना प्रभारी मरवाही निरीक्षक अनिल अग्रवाल और यातायात प्रभारी की टीम द्वारा नौ ट्रैक्टर को अवैध रेत परिवहन करने पर जिला खनिज विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंपा गया। गौरेला , पेंड्रा , मरवाही थाना में पुलिस कर्मियों की टीम बनाई गई है। जो एसपी एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश और आम लोगों की सूचना पर कार्रवाई कर रही है। चौकी कोटमी कला क्षेत्र में भी सोमवार की शाम को कोटबिर्रा से अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक ट्रैक्टर पर कार्रवाई की गई है।

नये लुक एवं वैरायटी में सागौन लकड़ी द्वारा निर्मित
अरिहंत फर्नीचर शो रुम | नमन सेल्स फर्नीचर शो रुम
20% डिस्काउंट के साथ उपलब्ध
• सागौन निर्मित डुप्लिकेट मॉडल, वॉल मॉडल, डी मॉडल गुजराती सोफा
• लकड़ी सोफा 9500/- से शुरू (वारंटी के साथ)
• लकड़ी पलंग हाई क्वालिटी के साथ
• स्टील आलमारी आटोमेटिक प्लांट द्वारा निर्मित, भट्ठी पेंट वाली
• कम्प्यूटर टेबल, ऑफिस टेबल, डाइनिंग टेबल कम्प्यूटर चेयर ऑफिस चेयर इत्यादि की वैरायटी
आजाद मार्केट, रिसाली (भिलाई मसाला उद्योग के पीछे), भिलाई, मो. 9424151009, 9301188428

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाइल्स और ग्रेनाइट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान हाई स्कूल के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

MemSaheb Ladies wear
JOCKEY UNDERWEAR IS OUR PASSION
JULIET
Shop No. 57, A Market, Sec-6 Bhilai
Om Prakash 9926004441, 0788-2284341

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

न्यू अप्सरा साड़ी सेन्टर
घाघरा, चुन्नी, कुर्ती, डिजाइनर साड़ियां सलवार सूट
सेल्स गर्ल की आवश्यकता है
शॉप 151, ए-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन-2284063

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्टाली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### युवक कांग्रेस की बहुप्रतीक्षित नियुक्तियां हुई जारी, भूपेश सरकार की नीतियों को घर घर पहुंचाएं: वोरा

**दुर्ग।** शहर से वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा की अनुसंशा से शहर युंका अध्यक्ष आयुष शर्मा द्वारा युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। आयुष ने बताया कि विधायक वोरा की अनुसंशा के अनुरूप महासचिव संदीप वोरा से चर्चा कर प्रदेश अध्यक्ष कोको पाढ़ी को भेजी गई सूची का अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात सुयोग्य कार्यकर्ताओं को विभिन्न पदों पर नियुक्ति दी गई है। विधायक वोरा ने शर्मा से कहा कि वार्ड एवं बूथ स्तर पर टीम गठित कर युंका को मिशन मोड पर काम करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लगातार युवाओं के रोजगार, स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। स्कूल कालेजों का पुनरुद्धार हो या फिर विभिन्न सरकारी पदों पर भर्ती व राजीव गांधी युवा मितान क्लब। सभी तरह से युवाओं को आगे लाने के लिए सरकार अवसर उपलब्ध करा रही है। आने वाले समय मे पूरी सजगता से स्लम बस्ती के छात्रों को आरटीई का लाभ दिलाने जैसे जमीन से जुड़े कार्यों में युंका की सक्रियता नजर आनी चाहिए।

### सेवानिवृत्त हुए सीएस डॉ. पी बालकिशोर, कलेक्टर ने दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

**दुर्ग।** जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. बाल किशोर आज सेवानिवृत्त हुए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ. बालकिशोर 38 वर्ष पूर्व शासकीय सेवा में आये थे। सेवानिवृत्ति के मौके पर कलेक्टर ने कहा कि आपने शासकीय सेवा में सुदीर्घ कार्य कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया। कोविड महामारी के चरम दौर पर आपने विशेष रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वाह किया, जो विशेष रूप से स्मरणीय रहेगा। जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी इस अवसर पर सिविल सर्जन के कार्यों को स्मरण किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### धान खरीदी और टीकाकरण केन्द्र का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण

**दुर्ग।** आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग महादेव कावरे ने आज कबीरधाम जिले के धान खरीदी केंद्र, कोविड टीकाकरण केंद्र, जेनेरिक दवाई दुकान का निरीक्षण किया। कबीरधाम जिले में इस वर्ष 4.15 लाख मेट्रिक टन की धान खरीदी की गई है, अधिकांश खरीदी केंद्रों में टोकन अंतिम हो चुके हैं, 31 मार्च तक सभी धान या तो मिलिंग या संग्रहण केंद्र को भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। कोविड टीकाकरण केंद्र शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कवर्धा में आज 60 व्यक्तियों को टीका लगा है, जिले में द्वितीय डोस हेतु पात्र हितग्राहियों को टीका लगाया जाना आवश्यक है, आयुक्त ने कलेक्टर को इस ओर प्रयास कर शत-प्रतिशत लोगो को टीका लगवाने हेतु प्रयास करने को कहा। जेनेरिक मेडिकल स्टोर में ? 3.61 लाख की दवाई बिक्री की गई, जिसमें 52 प्रतिशत तक छूट दिया गया है, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि 215 प्रकार की दवाई बेची जा रही है, जिसे और बढ़ाया जाएगा। निरीक्षण दौरान कलेक्टर कबीरधाम रमेश शर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप अग्रवाल और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

मास्क नहीं लगानों वालों के खिलाफ हो रही सख्त कार्यवाही

# निगम की मोबाइल टीम ने 514 लोगों से 62345 रुपए का वसूला जुर्माना

### बाजार, सार्वजनिक क्षेत्र एवं चौक चौराहों में चल रहा मास्क है चेकिंग अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में मास्क नहीं लगाने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। बढ़ते हुए कोरोना संक्रमण की रोकथाम करने निगम क्षेत्र के सभी बाजारो, सार्वजनिक स्थलों एवं चौक चौराहों पर मास्क चेकिंग को लेकर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।बिना मास्क के कोई भी व्यक्ति पाए जाने पर उनसे जुर्माना वसूला जा रहा है तथा जुर्माने की राशि देने में बहानेबाजी करने वालों पर सख्ती बरती जा रही है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर कोरोना गाइडलाइन का पालन कराने निगम की टीम सुबह 6 बजे से ही कार्यवाही के लिए निकल रहे है, इसके साथ ही रात्रि तक टीम घूम-घूम कर कार्यवाही करते हुए अब तक 514 लोगो से 62345 रूपए जुर्माना वसूल चुके है।



बिना मास्क लगाए दुकानों का संचालन करने वाले दुकानदारों को निगम आयुक्त ने कड़ी समझाइश दी और उनसे जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए है। निगम की टीम आज सुपेला बाजार, शांतिनगर, गोलबाजार, पावर हाउस फ्ल एवं सब्जी मंडी, छावनी एरिया, केम्प एरिया, सेक्टर 06 का ए एवं बी मार्केट, सिविक सेंटर, स्मृति नगर, आदि स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 514 लोगो से 62345 रूपए जुर्माना वसूल चुके है।

मास्क चेकिंग के लिए निकलने वाली निगम की टीम निगम क्षेत्र में घूम-घूम कर मास्क नहीं पहनने या मास्क को लटकाकर रखने वालों से जुर्माना वसूल रही है। बाजार में ग्राहक, दुकानदार को अनिवार्य रूप से मास्क लगाने तथा सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराने अपील कर रहे है! लाउडस्पीकर के माध्यम से लगातार कोरोना गाइडलाइन का पालन कराने संदेश दिया जा रहा है। सोशल डिस्टेंस का पालन कराने सड़क पर सामान फैलाकर व्यवसाय करने वालों के सामग्री को अंदर करवाया जा रहा है।

कार्रवाई के दौरान कुछ ऐसे लोग भी होते है जो जुर्माना की राशि देने के लिए पैसे नहीं है का बहाना बनाते है लेकिन टीम के कर्मचारी द्वारा सख्ती दिखाने पर सभी अर्थदण्ड दे रहे है और उन्हें दोबारा बिना मास्क के बाहर नहीं निकलने की समझाइश दिया जा रहा है। मास्क चेकिंग अभियान लगातार जारी है, निगम की टीम द्वारा मास्क न पहनने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

---

# महापौर नीरज पाल ने विभागीय मंत्री से की सौजन्य मुलाकात



श्रीकंचनपथ न्यूज

शहर विकास के लिए फंड की नहीं होगी कमी, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया ने महापौर नीरज पाल को किया आश्वस्त

भिलाई। महापौर नीरज पाल ने आज नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्री शिव डहरिया से महापौर बनने के बाद पहली दफा मुलाकात की। महापौर ने मंत्री से सौजन्य मुलाकात की और शहर के प्रमुख विकास कार्यों से मंत्री जी को अवगत कराया।

मंत्री शिव डहरिया ने महापौर नीरज पाल को पूर्ण रूप से आश्वस्त करते हुए कहा है कि भिलाई शहर के विकास कार्यों के लिए फंड/राशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने नीरज पाल को महापौर निर्वाचित होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी। महापौर ने कहा कि भिलाई शहर के विकास के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ शासन की परिकल्पना अनुरूप कार्य करना प्रारंभ हो चुका है। शहर में विकास के लिए हम लगातार बैठक ले रहे हैं, विकास के लिए अच्छी कार्य योजना भी तैयार की जाएगी।

जो जिम्मेदारी मिली है उस पर खरा उतरने हर संभव प्रयास किया जाएगा। भिलाई को विकास के पथ पर ले जाने का काम किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने महापौर बनते ही भिलाई शहर के विकास के लिए उन्होंने बैठक लेना और अधूरे, अप्रारंभ कार्यों पर फोकस किया है। वही अधूरे विकास कार्य और गोलमोल जवाब देने पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार भी लगाई है।

---

# चंदूलाल चंद्राकर की पुण्यतिथि पर विधायक ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विधायक अरुण वोरा, पूर्व विधायक प्रदीप चौबे,पूर्व विधायक श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, पिछड़ा आयोग के सदस्य श्रआरएन वर्मा, पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार,महापौर धीरज बाकलीवाल, जल कार्य प्रभारी,संजय कोहले ,महामंत्री पप्पू श्रीवास्तव उपस्तित थे।

छत्तीसगढ़ के महान सपूत, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर जी की पुण्यतिथि पर आज उनके कर्मभूमि कोलिहापुरी चंदखुरी रोड में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। विधायक अरुण वोरा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र चंद्राकर जी ने अपने प्रखर व्यक्तित्व और निर्भीक पत्रकारिता से देश में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन



किया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री सहित कई अन्य महत्वपूर्ण पदों का दायित्व संभालते हुए देश और प्रदेश की सेवा की। चंद्राकर जी ने छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलन को नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि चंद्राकर की मूल्य आधारित निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता, मातृभूमि के लिए सेवा भावना, उनके अमूल्य विचार नई पीढ़ी को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

---

भाजपा पार्षद दया सिंह ने मोदी सरकार के बजट का किया स्वागत, बोले-

# सरकार ने हर वर्ग का रखा ख्याल, मोदी सरकार ने खोला रोजगार का पिटारा, शहरी क्षेत्र का होगा विकास

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई निगम के भाजपा पार्षद और प्रदेश झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दया सिंह ने मोदी सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। दया सिंह ने बजट का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बजट पेश किया।



मोदी सरकार के इस बजट में युवाओं के लिए काफी कुछ है।केंद्रीय बजट अमृत काल के अगले 25 वर्षों का ब्लू प्रिंट है। राष्ट्रीय राजमार्ग का 2022-23 में 25,000 किलोमीटर विस्तार होगा। पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान वृद्धि के 7 इंजन पर आधारित। अगले 3 वर्षों के दौरान बेहतर दक्षता वाली 400 नई जनरेशन की वंदे भारत ट्रेनें लाई जाएंगी।इससे भिलाई-दुर्ग से अन्य राज्यों में जाने वाले लोगों को फायदा होगा। ट्रेनों का स्टॉपेज भी दिया गया है। दया सिंह ने कहा, अगले 3 वर्षों में 100 क्क्रू गति शक्ति कार्गो टर्मिनल विकसित किए जाएंगे। शहरी क्षेत्र का विकास किया जाएगा। मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भी कई जरूरी प्रावधान किए हैं।

दया सिंह ने कहा, मोदी सरकार के इस बजट में 60 लाख नौकरी का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ के युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। शिक्षा के लिए जरूरी फैसले लिए गए हैं। उद्योग को बूस्ट करने के लिए मोदी सरकार ने कई प्रावधान किए हैं। इस बजट में सबका साथ, सबका विकास की झलक है।

---

# विकास पर पहले होगा मंथन: महापौर परिषद के सलाहकार समिति का गठन, सभी विभाग में सात-सात सलाहकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** नवगठित नगर पालिक निगम रिसाली में विकास व अन्य विषयों पर एमआईसी सद्स्य पहले मंत्रणा करेंगे। इसके लिए अलग-अलग विभागवार सलाहकार समिति का गठन किया गया है। निगम सभापति केशव बंछोर ने समिति में सद्स्यों (पार्षद) को नियुक्त करते हुए सूची को सार्वजनिक किया है। जारी सूची में सात-सात पार्षदों को सलाहकार के रूप में लिया गया है।

निगम सभापति ने जल कार्य विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी चंद्रभान सिंह ठाकुर की नेतृत्व वाली समिति में सलाहकार के रूप में पार्षद





विनय नेताम, टीकम सिंह साहू, डोमन लाल बारले, रेखा देवी, सरिता देवांगन, ममता बाई सिन्हा व गजेन्द्री कोठारी को नियुक्त किया है। इसी तरह स्वास्थ्य तथा चिकित्सा एवं स्वच्छता विभाग प्रभारी गोविन्द चतुर्वेदी के विभाग में चंद्रप्रकाश सिंह(निगम), रोहित कुमार, जमुना ठाकुर, रंजीता बेनुआ, पार्वती महानंद, ओमप्रकाश मिर्झा व हरिशचंद्र को शामिल किया है। राजस्व बाजार व वाहन प्रभारी विलास राव बोरकर के विभाग में एम.डी. जाहीर अब्बास, अनिल कुमार, डॉ. सीमा साहू, शीला नारखेड़े, चंद्रप्रकाश सिंह(निगम), ओमप्रकाश मिर्झा, सुनंदा चन्द्राकर, आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण प्रभारी अनुप डे के विभाग में संजू कुमार नेताम, अनिल कुमार, सारिका साहू, ममता यादव, शीला नारखेड़े, सुनंदा चंद्राकर, शैलेन्द्र कुमार साहू, एमआईसी सद्स्य सनीर साहू शिक्षा, खेलकुद तथा युवा कल्याण विभाग में टीकम सिंह साहू, डोमन लाल बारले, डॉ. सीमा साहू, सरिता देवांगन, रोहित कुमार, धर्मेन्द्र भगत, खिलेन्द्र चंद्राकर, महापौर परिषद के परमेश्वर कुमार पुर्नवास तथा नगर नियोजन, उद्धानिकी तथा संचार विभाग में एम.डी. जाहीर अब्बास, संजू कुमार नेताम, चंद्र प्रकाश सिंह निगम, ममता यादव, रेखा देवी, मनीष यादव व विधि यादव, खाद्यय नागरिक आपूर्ति एवं विद्युत प्रभारी सोनिया देवांगन के विभाग में विनय नेताम, अनिल कुमार, पार्वती महानंद, रंजीता बेनुआ, शीला नारखेड़े, माया यादव, हरिशयंद और महिला बात विकास एवं समाज कल्याण तथा आजीविका विभाग प्रभारी ईश्वरी साहू के विभाग में एम.डी. जाहीर अब्बास, रोहित कुमार, डॉ. सीमा साहू, जमना ठाकुर, सारिका साहू, रमा साहू व सविता ढवस को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है।

---

### आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का सर्वे एवं सत्यापन कार्य की महापौर ने समीक्षा

**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का सर्व एवं सत्यापन का कार्य नगर निगम के सहायक राजस्व निरीक्षकों द्वारा किया गया है उक्त कार्य की समीक्षा बैठक डाटा सेंटर में महापौर धीरज बाकलीवाल के द्वारा ली गई बैठक में बाजार एवं राजस्व प्रभारी, ऋषभ जैन लोक कर्म प्रभारी,अब्दुल गनी जल ग्रह प्रभारी वित्त प्रभारी दीपक साहू नोडल अधिकारी प्रकाश थवानी,योगेश सूरे महिला बाल विकास के कर्मचारीगण उपस्थित थे।अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति जनजाति तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों का सर्वे एवं सत्यापन राज्य शासन के निर्देश पर कराए गए हैं उसका उद्देश्य ऐसे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है यदि किसी का नाम सत्यापन एवं सर्वे से छूट गया हो वह अपना राशन कार्ड एवं मोबाइल नंबर राजस्व विभाग में जमा करें जिससे सत्यापन कार्य कराया जा सके। जिसके मापदण्ड निम्नानुसार हैअन्य पिछड़ा वर्ग,आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग अन्य पिछड़ा वर्ग आने वाले समस्त नागरिक।निम्न पात्रता में से किसी एक मापदण्ड पूर्ण करने वाले व्यक्ति /परिवार अपात्र होंगे।

---

# बीएसपी ने जीरो-लिक्विड डिस्चार्ज को दिया आकार और सेल ने जीता राष्ट्रीय जल पुरस्कार

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई । हाल ही में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा घोषित किए गए तीसरे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों में सेल को सर्वश्रेष्ठ उद्योग श्रेणी के तहत तीसरा पुरस्कार दिया गया। इस पुरस्कार के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र की यूनिवर्सल रेल मिल के जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (यूआरएम-जेडएलडी) को मॉडल केस के रूप में लिया गया है।

अपशिष्ट जल प्रबंधन के लिए नवीनतम निर्देशों को ध्यान में रखते हुए, बीएसपी के यूआरएम ने जीरो लिक्विड डिस्चार्ज यूनिट बनने के लिए स्केल रिमूवल फिल्टर से अपने प्रमुख बैकवाश पानी को रिसाईकिल करना प्रारंभ किया है। यूआरएम में हाल ही में दो अलग-अलग इकाइयों में इन-हाउस संसाधनों के साथ अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाई गई थी ताकि फिल्टर से प्राइमरी





सेटलिंग टैंक तक बैकवाश पानी को रिसाइकिल किया जा सके।

दुनिया की सबसे लंबी रेल बनाने वाले यूआरएम के पास अपने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हैं, जो री-हीटिंग फर्नेस और मिल क्षेत्र में विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न ग्रेड के पानी की आपूर्ति कर रहा हैं। मिल की डिजाइन की आवश्यकता के अनुसार शीतल जल, डायरेक्ट कूलिंग वाटर और इनडायरेक्ट कूलिंग वाटर की आपूर्ति की जाती है। आपूर्ति किए गए पानी को चार चरणों में फिल्टर किया जाता है। पहला चरण प्राइमरी सेटलिंग टैंक है जहां ग्रैब बकेट क्रेन की मदद से स्केल को हटाया जाता है। मिल एरिया और फर्नेस से पानी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट-1 (डब्ल्यूटीपी - 1) के प्राइमरी सेटलिंग टैंक में आता है, जबकि टंडेम मिल एरिया और हेड हार्डनिंग से पानी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट-2 के (डब्ल्यूटीपी -2) प्राइमरी सेटलिंग टैंक में आता है। इन प्राइमरी सेटलिंग टैंकों से सेकेंडरी सेटलमेंट टैंकों में पानी पंप किया जाता है, जहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट-3 पर चार सेकेंडरी सेटलिंग टैंकों में दूसरे चरण की फिल्टरिंग की जाती है।

लगातार काम करने वाले चार स्क्रैपर्स की मदद से इन सेकेंडरी सेटलमेंट टैंक के एक सिरे पर बारीक स्केल जमा किया जाता है। इन को ग्रैब बकेट क्रेन की मदद से बाहर निकाला जाता है। इस पानी को फिल्टर करने के लिए पंप करने से पहले, 6 ऑयल स्किमर की मदद से पानी से तेल को दूर किया जाता है। इसके बाद, आठ स्केल रिमूवल फिल्टर (एसआरएफ) में तीसरे चरण की फिल्टरिंग की जाती है। सेकेंडरी सेटलमेंट टैंक से पानी को स्केल रिमूवल फिल्टर में, पंप किया जाता है। यहां ज्यादातर स्केल हटा दिए जाते हैं। चैथा और अंतिम चरण फिल्टरिंग हाइडैक ऑटो बैक वॉश फिल्टर के माध्यम से पानी की आपूर्ति करके किया जाता है जो 100 माइक्रान तक के आकार के कण को हटा देता है। इस प्रकार, यूआरएम में विश्व स्तरीय रेल बनाने के लिए चैबीसों घंटे अच्छी गुणवत्ता वाले पानी की आपूर्ति की जाती है।

कार्य की आवश्यकता के अनुसार, स्केल रिमूवल फिल्टर और हाइडैक फिल्टर को उनके कुशल संचालन के लिए प्रत्येक शिफ्ट में नियमित रूप से बैक वॉश द्वारा साफ करने की आवश्यकता होती है। इन फिल्टरों का बैक वॉश वाटर, आउटलेट-बी के जरिए प्लांट के बाहर निकाला जाता है।

हाल ही में, काफी विचार-विमर्ष और चर्चा के बाद, यूआरएम ने इस पानी को सिस्टम में वापस लाने के लिए एक सिस्टम प्रक्रिया प्रारंभ करने और स्थापित करने का फैसला लिया। डायरेक्ट कूलिंग वॉटर सर्किट (डब्ल्यूटीपी -3) का हाइडैक फिल्टर बैकवाश, पानी जो बारिश के पानी के साथ बह जा रहा था, उसे पुन: उपयोग के लिए सेकेंडरी सेटलमेंट टैंक में भेज दिया गया। फिल्टर लाइन में उच्च अवशिष्ट दबाव के कारण यह आसानी से किया जा सका। इसी तरह इनडायरेक्ट कूलिंग वॉटर सर्किट (डब्ल्यूटीपी -4) का हाइडैक फिल्टर बैकवाश वॉटर, जो बारिश के पानी के साथ बह जा रहा था, को ओवर हेड फिलिंग सम्प में भेज दिया जा रहा है।

---

स्वच्छता को लेकर लिया निर्णय

# शहर की स्वच्छता पर दाग लगाने वालों से वसूला जाए जुर्माना: आयुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। शहर की स्वचछता पर दाग लगाने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा। नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन ने ऐसे लोगों से जुर्माना वसूल करने के निर्देश दिए है, जो कचरा को अन्यत्र फेकते है। उन्होंने सरकार द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने वालों पर नजर रख कार्यवाही करने निर्देश दिए है।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को लेकर निगम आयुक्त लगातार बैठक ले रहे है। उन्होंने मंगलवार को जनस्वास्थ्य विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग करने वालों से सख्ती से पेश आए।

साथ ही उनसे जुर्माना वसूल



करे। आयुक्त ने बाजार और रिहायसी क्षेत्र में मुनादी कराने भी कहा। बैठक में कार्यवाही करने के लिए अलग से टीम गठित करने निर्देश दिए है।

#### ये करेंगे कार्यवाही

नगर पालिक निगम के सभी वार्डो व व्यवसायीक क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करते पाए जाने, खुले में कचरा फेकने, गंदगी फैलाने, कचरा जलाने पर जुर्माना वसूल करने आयुक्त ने प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक बृजेन्द्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक विनोद शुक्ला, स्वच्छता पर्यवेक्षक अमित चंद्राकर, शांता देशलहरे, सहा. राजस्व निरीक्षक विवेक रंगनाथ, किशोर रामटेके, सफाई सुपरवाइजर बिरेन्द्र देशमुख, हेमंत राव, रमेश शर्मा, अनिल देशमुख, रामेश्वर निषाद, बी नामेश्वर को अधिकृत किया है।

आयुक्त ने निर्देश दिए है कि तालाबों को संरक्षित करने के साथ ही इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि पानी को दुषित करने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा है। अगर कोई तालाब में कचरा या प्लास्टिक फेकता है तो तत्काल ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही करे।

प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण रूप से रोक लगाने रिसाली निगम क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त ने इस विषय को लेकर बुधवार दोपहर 12 बजे निगम कार्यालय में बैठक रखा है। जिसमें छोटे-बड़े व्यापारी और फुटकर व्यापारियों के अलावा सब्जी विक्रेताओं को आमंत्रित किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950